हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री


इंदिरा विहार कालोनी के अंदर सीएसईबी के विद्युत सब स्टेशन के चारो ओर झाड़ियां उग आई।

**खबर संक्षेप**

### इंदिरा गांधी विवि की प्रवेश परीक्षा सीएमडी में 29 को

**बिलासपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया गया है कि 29 मार्च को निर्धारित प्रवेश परीक्षा सीएमडी कालेज (केन्द्र क्रमांक 3519) में आयोजित होगी। अधिक जानकारी के लिए इग्नू प्रभारी डॉ. एस.पावनी से संपर्क कर सकते हैं। परीक्षार्थीयों को समय रहते आवश्यक दस्तावेज़ लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचने कहा गया है।

### तापमान में मामूली बढ़त लेकिन गर्मी से राहत

**बिलासपुर।** जिले का मौसम बदला हुआ है, जहां मार्च की शुरूआत में ही सूरज की जबरदस्त तेजी देखी गई, वहीं दो दिनों से तापमान में कमी आ रही थी, रविवार को अधिकतम तापमान में 5 डिग्री की कमी देखी गई, लेकिन सोमवार को तापमान ने मामूली बढ़त लेते हुए 34.8 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से ढाई डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान भी 18.4 डिग्री दर्ज किया गया। आसमान धीरे धीरे साफ होने लगा है, जिससे सूरज की तपीस बढ़ेगी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 27 तक

**बिलासपुर।** जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं वे 27 मार्च तक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार संस्थाओं द्वारा प्रोपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 29 मार्च तक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 30 मार्च है।




पशुपालन विभाग के कोनी स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र का मामला



## सारे अधिकारी मौन, किसी ने नहीं दी घटना की जानकारी

# सैकड़ों मुर्गियों की मौत, गुपचुप तरीके से दफनाई-जलाई गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पशुपालन विभाग के कोनी स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में रविवार को सैकड़ों मुर्गियों की अचानक मौत हो गई। मुर्गियों की मौत का कारण बीमारी, संक्रमण या फिर लापरवाही है? इस संबंध में प्रक्षेत्र में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। प्रक्षेत्र प्रभारी सहित पूरा स्टाफ मृत मुर्गियों को आग में जलाने एवं दफनाने में लगा रहा। प्रक्षेत्र के भीतर ही जेसीबी की मदद से दो बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए थे, जहां सैकड़ों मुर्गियों को दफनाया गया।

कोनी के कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में सोमवार को नजारा कुछ खास था। भीतर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति से कुछ ज्यादा ही पूछताछ हो रही थी। इसके पीछे का कारण प्रक्षेत्र की सैकड़ों मुर्गियों की मौत पर पर्दा डालना था। बीते दिनों प्रक्षेत्र में रखी गई सैकड़ों मुर्गियों की अचानक मौत हो गई, जिसे सोमवार की सुबह आनन-फानन में प्रक्षेत्र के भीतर ही जलाया और दफनाया गया। जेसीबी से दो बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए थे, जिसमें मुर्गियों को उड़ेलकर ऊपर से मिट्टी डालकर बराकर कर दिया गया। इसी तरह सैकड़ों मुर्गियों को आग के हवाले भी किया गया है।

पशुपालन विभाग के अनुसार जनवरी से मार्च के बीच लगभग हर साल वायरस आता ही है। अब भी इसी का प्रभाव हो सकता है। विभाग द्वारा कारणों का पता लगाने सैंपल भोपाल भेजा गया है। इसके बाद भी यह पता लगाया जा सकेगा कि मुर्गियों की मौत बीमारी, वायरस या फिर विभागीय लापरवाही से हुई है।

### विचलित नजर आए प्रक्षेत्र प्रभारी

हरिभूमि की टीम सोमवार को प्रक्षेत्र के भीतर सीधे उस स्थान पर पहुंची, जहां मुर्गियों को जलाया व दफनाया जा रहा था। पीछे से अचानक प्रक्षेत्र प्रभारी डा राज पहुंचे एवं घटना की फोटोग्राफी का विरोध करते हुए कैमरामैन से कैमरा छीनने का प्रयास भी किया। उन्होंने उस स्थान से यह कहते हुए तत्काल बाहर निकलने को कहा कि यह प्रक्षेत्र पूरी तरह प्रतिबंधित क्षेत्र है, जहां प्रवेश प्रतिबंधित है। प्रक्षेत्र प्रभारी इतने विचलित नजर आए कि बिना पूछे ही उन्होंने यह बताना शुरू कर दिया कि यहां जो भी हुआ है उसकी पूरी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है कुछ छिपाया नहीं गया है।

### एंटी बायोटिक देने डॉक्टरों की टीम मौजूद, लेकिन सारे मौन

प्रक्षेत्र के भीतर जीवित मुर्गियों को एंटी बायोटिक देने के लिए डाक्टरों की टीम मौजूद थी। घटना, बीमारी या दी जाने वाली दवा के संबंध में पूछने पर किसी ने कोई जानकारी नहीं दी। केवल एक ही बात कही कि भीतर प्रक्षेत्र प्रभारी मौजूद हैं, वे ही जानकारी दे सकेंगे। प्रक्षेत्र के भीतर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा बरती गई ऐसी गोपनीयता कई संदेहों को जन्म दे रही है।

### कितनी मुर्गियां मरीं कितनी जीवित किसी को नहीं पता?

प्रक्षेत्र प्रभारी से लेकर वहां के सारे स्टॉफ को घटना में मृत मुर्गियों की संख्या की कोई जानकारी नहीं है। इतना ही नहीं, बल्कि पशुपालन विभाग के संयुक्त संचालक ने भी इस घटना की पुष्टि तो की, लेकिन संख्या के बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने से इंकार कर दिया। प्रक्षेत्र में रखी गई कुल मुर्गियों एवं मृत मुर्गियों की संख्या की जानकारी किसी को भी नहीं होना भी एक बड़ा संदेह पैदा कर रहा है।

### जांच के लिए सैंपल भोपाल भेजा गया

प्रक्षेत्र में वायरस के कारण मुर्गियों की बड़ी संख्या में मौत हुई है। मौत के कारणों का पता लगाने सैंपल भोपाल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। मृत मुर्गियों की संख्या की कोई जानकारी नहीं है।

**- जीएस तंवर**, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

# शराब पीते बर्थडे सेलीब्रेट कर रही युवती सहित 4 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- नेशनल हाइवे सम्बलपुरी ओवरब्रिज पर सड़क के बीचोंबीच कार के बोनट पर कर रहे थे मस्ती

नेशनल हाइवे पर कार खड़ी शराब पीते बर्थडे सेलीब्रेट कर रही युवती सहित चार लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। उनके खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। तीन युवकों को जेल भेज दिया गया है।

22 मार्च की रात 12.15 बजे गश्त के दौरान सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली नेशनल हाइवे सम्बलपुरी ओवरब्रिज पर सड़क के बीचोंबीच कार खड़ी कर एक युवती व तीन युवक बोनट में शराब रखकर पी रहे हैं, इससे आवागमन बाधित है। श्री चौधरी स्टाफ के साथ मौके पर गए तो हुंडई वर्ना कार क्रमांक सीजी 07 बीएच, 9996 खड़ी हुई थी, बोनट पर शराब रखी थी और युवती व युवक नाच रहे थे। पुलिस को देखकर उनके होश उड़ गए। कार के अंदर कटा हुआ केक मिला। चारों निहाल शांडिल्य की बर्थडे पार्टी कर रहे थे। ब्रीद एनालाइजर से जांच करने पर चारों के शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस कार सहित चारों को थाने ले गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 285, 3, 5 व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार जब्त कर चारों को गिरफ्तार कर लिया है। टीआई श्री चौधरी ने बताया, तीनों युवकों के खिलाफ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



तीन युवक भेजे गए जेल



### रोड पर काटने लगे केक

कोरबा से तीनों युवक कार से आए और सरकण्डा से युवती को लेकर जा रहे थे। रात में 12 बजने पर चारों बीच सड़क पर कार खड़ी कर केक काटकर शराब पीते हुए बर्थडे मनाने लगे। इसी दौरान पुलिस पहुंच गई और तीनों युवकों को सलाखों के पीछे डाल दिया।

### पकड़े गए युवक

- निहाल साडिल्य पिता रामचरण साडिल्य 22 साल गोकुलनगर जिला जेल के पीछे रामपुर कोरबा
- अतुल वर्मा पिता राम अवतार वर्मा 21 साल गोकुलनगर जिला जेल के पीछे रामपुर कोरबा
- प्रियांशु चौरसिया पिता राजकिशोर चौरसिया 19 साल नेहरू नगर कोरबा सीएसबी चौकी रामपुर कोरबा
- सरकण्डा क्षेत्र की एक 19 वर्षीय युवती



## खबर संक्षेप

### कुंआगांव के 2 बच्चो का नवोदय विद्यालय दाबो में चयन




**धरमपुरा।** मुंगेली विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र धरमपुरा की शासकीय प्राथमिक शाला कुंआगांव के विद्यालय के 2 प्रतिभाशाली विद्यार्थी गुलशन कुमार साहू व रागनी साहू का चयन नवोदय विद्यालय दाबो में हुआ है। विद्यालय के प्रधान पाठक चित्रकांत बरसरुवा, शिक्षक मोती राम साहू, शिक्षिका होमेश्वरी राजपूत, रविशंकर यादव, नेली खेस, औंधा श्याम, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, शाला प्रबंध समिति व पालकों ने बच्चों उत्साह बढ़ाया।

### आकर्ष बने भाजयुमो के जिला सह कोषाध्यक्ष



**भर्रीडांड़।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जीपीएम की नई कार्यकरणी में मरवाही के युवा नेता आकर्ष प्रताप सिंह को जिला सह कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने यह दायित्व मिलने पर जिला संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, मैं इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करूंगा।

### महामाया मंदिर प्रांगण में आयुर्वेद होमियोपैथी चिकित्सा शिविर



**मुंगेली।** जिला आयुष विभाग की ओर से नवरात्रि के पर्व पर 23 से 27 मार्च तक मां महामाया मंदिर प्रांगण महामाया वार्ड नगर पालिका स्कूल के पीछे में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयुर्वेद एवं होमियोपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 210 से अधिक मरीजों का उपचार कर निशुल्क औषधि का वितरण किया गया एवं ऋतु अनुसार काढ़ा का वितरण किया गया। शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ यामिनी शर्मा के निर्देशन व शिविर प्रभारी डॉ पूर्णेश साहू के मार्गदर्शन में मंदिर प्रबंधन समिति के सहयोग से इस शिविर में जनसामान्य का उपचार कर आयुष पद्धति का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

### भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा क्षेत्र




**जरहागांव।** नवयुवक समिति बरमबाबा चौक भठलीकला की ओर से 15वें वर्ष अखंड नवधा रामायण का भव्य एवं श्रद्धामय आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था, संस्कार और भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा है, जहां भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के आदर्शों का श्रवण-मनन कर श्रद्धालु अपने जीवन को धर्ममय बनाने का संदेश ग्रहण कर रहे हैं। समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पावन आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ हुआ है, जो 28 मार्च को विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न होगा। आयोजन में अखंड रामायण पाठ, भव्य आरती, कन्या भोज, जल यात्रा एवं विसर्जन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक मानस प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विद्वान वक्ता रामकथा का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, नीति और जीवन मूल्यों का मार्गदर्शन दे रहे हैं। क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी इस आयोजन में शामिल होकर भक्ति भाव से सराबोर हो रहे हैं। इस दौरान बालिका मानस मंडली खेकतरा तथा आशा तिवारी ने गायन व व्यक्तव्य के रूप में सभी का मन मोह लिया। आयोजन को सफल बनाने संचालक दुकालु राम कश्यप, राजा राम कश्यप, जलेश जायसवाल, पंडा सुरेश कश्यप, आचार्य भरत लाल उपाध्याय, मुख्य यजमान लल्लूराम कश्यप, ईश्वरी कश्यप, देवी साहू सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### भाजयुमो में नई नियुक्तियों से युवाओं में उत्साह




**पेंड्रा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के संगठन विस्तार के तहत पेंड्रा नगर में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इन नियुक्तियों के बाद संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पार्टी नेतृत्व की ओर से अविनाश पंजाबी को पेंड्रा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नगर नियुक्त किया गया है। वहीं पार्षद कुलदीप शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा विक्रम राठौर को जिला मंत्री, आनंद बजाज को जिला विधि प्रकोष्ठ तथा प्रियांशु साहू को जिला प्रचार प्रभारी नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर अविनाश पंजाबी ने कहा कि, यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि, वे पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

देवी-देवताओं की झांकियों ने किया लोगों को आकर्षित

# हिंदू नववर्ष पर निकली शोभायात्रा, भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



शोभायात्र में नंदी पर सवार शिव पार्वती की झांकी।

नगर में हिंदू नववर्ष आयोजन समिति की ओर से हिंदू नववर्ष पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शहर के रेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होकर निकली, जिसका नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। रैली में श्रीराम दरबार, पशु सेवा, सहित भगवान शिव-पार्वती की जीवंत झांकियों लोगों को आकर्षित किया।

कांग्रेसियों ने किया स्वागत- नगर के पुल पारा में कांग्रेसियों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान बडी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि, शोभायात्रा में माता शक्ति की झांकियां, देवी-देवताओं के सजीव चित्रण और पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाएं एवं युवा आकर्षण का केंद्र रहे। ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। हेमू कलाणी चौक पर रैली का स्वागत- हिन्दू नववर्ष पर निकली सनातनी रैली पुलपारा से लेकर इंदिरा चौक प्रेम आर्य के धर से होते हुए नंदी चौक पहुंची, जहां रैली का भव्य स्वागत किया गया। शंकर मंदिर होते हुए, भक्त हेमू कलाणी चौक पर सामाजिक लोगों ने रैली में शामिल लोगों का स्वागत कर विशेष जलपान कराया। रैली पड़ाव चौंक होते हुए पुराना बस स्टैंड पर समाप्त हुई। समिति के सदस्यों ने बताया कि, हिंदू नववर्ष केवल एक तिथि नहीं, बल्कि यह आस्था, स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। नवरात्र पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। घर-घर में पूजा–पाठ, व्रत और धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

बच्चों से लेकर बुजुगों तक सभी में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह है। प्रशासन की ओर से भी आयोजन को शातिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष योजना बनाई गई है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### श्रीवास समाज ने आयोजित किया नववर्ष कार्यक्रम



**मुंगेली।** खर्रीपारा स्थित सर्वसेन श्रीवास समाज भवन में नववर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बड़े हर्ष और उल्लास के साथ सहभागिता निभाई। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सामंजस्य को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम ने सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर मिसाल पेश की। इस आयोजन को सफल बनाने में सर्वसेन श्रीवास समाज के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा ग्रामीण मंडल मुंगेली के अध्यक्ष राजीव श्रीवास, कनौजिया श्रीवास समाज के जिला अध्यक्ष मुकेश श्रीवास, व्यावसायिक संघ अध्यक्ष गोलू श्रीवास, सचिव सीताराम श्रीवास सहित समाज के अनेक सदस्यों रंजीत, जलेश, अंतु, अनिल, सोनू, रामेश्वर, रमेश, भावेश, अशोक, प्रमोद, राजकुमार, प्रदीप, सरजू, रामस्वरूप, संस्कार, लक्ष्मी, मोहन, चंद कुमार, दिलेश्वर, सुशील, माधव, शत्रुघ्न, राहुल, जीतेन्द्र आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## पांचवें दिन मां के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



नवरात्रि की पंचमी तिथि के अवसर पर सुबह से ही स्थानीय मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। भोर की आरती के साथ ही जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर देवी मां को पुष्प, फल, मिठाई और विशेष रूप से मां को प्रिय केला अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। चैत्र नवरात्रि के पांचवें दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ जगतजननी मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई। देवी का यह रूप ममता और वात्सल्य की प्रतिमूर्ति माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान कार्तिकेय की माता होने के कारण ही इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। कमल के आसन पर विराजमान और अपनी गोद में बालक स्कंद को धारण करने वाली मां का यह स्वरूप अत्यंत सौम्य है। स्कंदमाता की पूजा मुख्य रूप से बुध ग्रह के दोषों को दूर करने और बुद्धि-विवेक में वृद्धि के लिए की जाती है। शास्त्रों के अनुसार, आज के दिन मां को केले का भोग लगाना अत्यंत शुभ माना जाता है। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में आज विशेष सजावट की गई है। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और माता के जागरण का आयोजन भी किया गया है। मंदिरों के पुजारियों का कहना है कि, पंचमी की तिथि साधकों के लिए मानसिक शांति और पारिवारिक खुशहाली प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## ज्योति कलश यात्रा को लेकर मां काली समिति ने सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर।** नगर की प्राचीन परंपरा और जन आस्था के केंद्र मां काली की भव्य 'खप्पर यात्रा' तथा चंडी माता मंदिर से निकलने वाली 'ज्योति कलश विसर्जन यात्रा' के सुचारू संचालन हेतु मां काली समिति ने कमर कस ली है। आगामी पर्व को देखते हुए समिति के सदस्यों ने सोमवार को अनुविभागीय दंडाधिकारी, थाना प्रभारी और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उचित सुरक्षा व मूलभूत व्यवस्थाओं की मांग की है। 50-60 हजार श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना- समिति के सदस्यों ने बताया कि, तखतपुर में चैत्र नवरात्रि की सप्तमी के अवसर पर 25 मार्च रात्रि 11 बजे मां काली की खप्पर यात्रा निकाली जाएगी। इस ऐतिहासिक यात्रा में तखतपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 50 से 60 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दिनेश निर्मलकर, चिंटू टंडन, नकुल प्रसाद धुरी, प्रमोद कुमार वैष्णव, शिवांक शिवहरे, चिंटू ठाकुर, सुभाष ठाकुर, अजय ध्रुव, करन यादव, जीत गेंदलें, बादल, रोहित, शिवम, कान्हा, आकाश, अमर, सुदर्शन सहित बड़ी संख्या में समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया श्रीगुहा निषादराज का जन्मोत्सव



**मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में निषाद समाज भवन मस्तूरी में श्रीगुहा निषादराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगुहा निषादराज की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद सामाज के प्रमुख लोगों ने निषादराज के कार्यों का अनुसरण करते हुए भारत के मूल निवासी अनार्य निषाद वंश की वर्तमान आर्थिक स्थिति पर मंथन किया। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष धनेश केवट, वेद परसदा परिक्षेत्र उपाध्यक्ष प्रदीप कैवर्त, लावर भोथीडीह सरपंच चंदन कैवर्त, शिव कुमार कैवर्त, धनसाय कैवर्त, जगदेव कैवर्त, रामचरण केवट, भाऊ राम केंवट, राजेंद्र केवट, सहदेव केवट, समाज के उपसंरक्षक परसराम कैवर्त सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्रीराम सेवा समिति की निशुल्क तीर्थयात्रा



**लोरमी।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था, श्रद्धा और सामाजिक समरसता की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए की सामाजिक संस्था श्रीराम सेवा समिति ने 22 मार्च को निशुल्क तीर्थयात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के माध्यम से शहर की उन 50 महिलाओं को रतनपुर स्थित मां महामाया के दर्शन कराया गया, जो दूसरों के घरों में बर्तन साफ करने या मजदूरी का कार्य कर अपना जीवन यापन करती हैं। इसके साथ ही समिति ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लोगों को भी इस भक्तिमय यात्रा में शामिल करते हुए गुनापुर के 30 आदिवासी समाज के लोगों को दर्शन कराया। यह आयोजन विधायक और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के विशेष सहयोग से संभव हो पाया है। समिति ने इस पुनीत कार्य में मिल रहे मार्गदर्शन के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर मुकेश जायसवाल, दुर्गेश, मनीस, अजय, समर ,राजेंद्र सावन, दीपक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भूमि सुपोषण व संरक्षण महोत्सव के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम



**मुंगेली।** भूमि सुपोषण एवं संरक्षण महोत्सव के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण एवं सतत कृषि हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में 23 मार्च को दोपहर 12.30 बजे 'भूमि सुपोषण एवं संरक्षण महोत्सव' के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण एवं सतत कृषि हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं अधिकारी–कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य मृदा संरक्षण, जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, पोषण प्रबंधन तथा पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था, ताकि कृषि उत्पादन को दीर्घकालीन रूप से टिकाऊ एवं लाभकारी बनाया जा सके। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ सुरेन्द्र कुमार चंदनिहा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, जैविक एवं अजैविक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व, फसल चक्र, हरी खाद, जैविक खाद तथा संरक्षण कृषि की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाविद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण ने मृदा एवं जल संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प व्यक्त करते हुए सतत कृषि को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने न केवल शैक्षणिक कृष्टि से प्रतिभागियों को समृद्ध किया, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ किया।

### जिले के शासकीय स्कूलों के लिए परीक्षा की समय-सारणी जारी

**भर्रीडांड़।** शिक्षा सत्र 2025-26 में जिले में संचालित समस्त शासकीय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानन्द स्कूलों में होने वाली कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं एवं सातवीं की वार्षिक परीक्षा के लिए जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से समय सारणी जारी कर दी गई है। समय सरणी के अनुसार परीक्षाएं 1 से 10 अप्रैल तक होंगी। पहली से चौथी तक की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे तक और छठवीं एवं सातवीं की परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। समय सारणी के अनुसार 1 अप्रैल बुधवार को कक्षा पहली की अंग्रेजी, दूसरी, तीसरी एवं चौथी की हिन्दी एवं कक्षा छठवीं की गणित एवं कक्षा सातवीं की विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। 4 अप्रैल शनिवार को कक्षा पहली की हिन्दी, दूसरी की गणित, तीसरी की पर्यावरण, चौथी की अंग्रेजी, छठवीं की सामाजिक विज्ञान और सातवीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। इसी तरह 7 अप्रैल मंगलवार को पहली की गणित, दूसरी की अंग्रेजी, तीसरी की अंग्रेजी, चौथी की गणित, छठवीं की विज्ञान एवं सातवीं की गणित विषय की परीक्षाएं होंगी। 8 अप्रैल बुधवार को छठवीं की संस्कृत-उर्दू एवं सातवीं की हिन्दी, 9 अप्रैल गुरुवार को तीसरी की गणित, चौथी की पर्यावरण, छठवीं की हिन्दी एवं सातवीं की सामाजिक विज्ञान और 10 अप्रैल शुक्रवार को पहली से चौथी कक्षा की उर्दू, छठवीं की अंग्रेजी एवं सातवीं की संस्कृत-उर्दू विषय की परीक्षाएं होंगी।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

**तखतपुर।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा तखतपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक पेंशनर भवन रामनगर टिकरीपारा में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक के प्रमुख एजेंडों में नियमित कर्मचारियों हेतु घोषित महंगाई भत्ता पेंशनरों को देय तिथि से लागू कराने संबंधी 12 अप्रैल को जांजगीर में आयोजित होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई। इसके अतिरिक्त, धारा 49(6) के विलोपन हेतु एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे वैधानिक प्रयासों पर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने तथा उससे संबंधित सुझावों पर भी निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर सौहार्दपूर्ण होली मनाई। अध्यक्ष नंदकुमार साहू ने जिला स्तरीय बैठक के निर्णयों की जानकारी दी एवं कार्यक्रम का संचालन उमर कुरैशी ने किया गया।

अर्पित की गई श्रद्धांजलि- बैठक के समापन पर पेंशनर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य सीताराम श्रीवास के सुपुत्र, शिक्षक स्व मनोज कुमार श्रीवास के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर एलपी श्रीवास, रामफल कौशिक, केडी सोनी, राजकुमार शर्मा, आरडी कर्ष, शिवकुमार सिंह क्षत्री, भोलादेव ध्रुव, जेआर भारद्वाज, अरविन्द शर्मा, नीलम राजकुमार, रामकुमार निर्मलकर, योगेश्वर क्षत्री, दिनेश मिश्रा, आरजे जायसवाल, गजानन क्षत्री, पुरुषोत्तम कश्यप, वृंदा सिंगसरिया, कौशल साहू, कुंवरकांत देवांगन, पीआर ध्रुव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, भाई बहन हुए घायल

**कटघोरा।** तहसील चौक कटघोरा में सोमवार की दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक और युवती सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों व स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थिति को बिगड़ता देख कटघोरा पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और संवेदनशीलता दिखाते हुए भीड़ को नियंत्रित किया।

संगठन सृजन के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक

# धरातल पर काम करने वालों को मिलेगी जिम्मेदारी: लहरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत




'संगठन सृजन' अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय विश्रामगृह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत एवं बूथ कमेटियों के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में संगठन सृजन के तहत विभिन्न मंडलों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई। इसके तहत पूर्व जिपं सदस्य अशोक सूर्यवंशी को खांडा मंडल, देव सिंह पोर्ते को सोंठी मंडल, दुर्गा तिवारी को सीपत मंडल, मनोज खरे को पंधी मंडल तथा पंकज राठौर को गतौरा एरमसाही मंडल का प्रभारी बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित संगठन सृजन प्रभारी शाहनवाज हुसैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य केवल पद बांटना नहीं बल्कि ऐसे सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं का चयन करना है, जो पार्टी की विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि, बूथ और पंचायत स्तर पर मजबूत टीम तैयार करना ही आने वाले समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि, हर ग्राम पंचायत में एक कांग्रेस अध्यक्ष होगा और बूथ व पंचायत स्तर पर 12-12 सदस्यीय कार्यकारिणी बनाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, चयन केवल कागजों में नहीं होगा, बल्कि धरातल पर काम करने वालों को ही जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि, आज मैं विधायक हूं तो यह आप सभी कार्यकर्ताओं के ललक, अपनापन और आशीर्वाद का परिणाम है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने संगठन को एकजुट रखते हुए आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने कहा कि, पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए शीर्ष नेतृत्व लगातार प्रयासरत है। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र धीवर, केश शिल्प बोर्ड के उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास, बाबा भाई, वरिष्ठ कांग्रेसी अहमद मोमिन, खांडा मंडल अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, सीपत मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्राकर, देवरी मंडल अध्यक्ष वृंदा सूर्यवंशी, एरमसाही मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू, सोंठी मंडल अध्यक्ष भागीरथी पोरते, तानाजी राव बांकरे, महेंद्र कश्यप, दुर्गा तिवारी, घनश्याम नेताम, देव सिंह पोर्ते, दुष्यन्त यादव, भरत गुप्ता, मनोहर पात्रे, शेषनारायण साहू, राजू सूर्यवंशी, रॉक सरपंच विक्रम प्रताप सूर्यवंशी, यूथ कांग्रेस सीपत ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतेश पनौरे, दीपक यादव, विनोद यादव, चिंताराम चंद्राकर, उमेश कश्यप, प्रमोद कुर्रे, जानू टंडन, पंकज राठौर, वीरेंद्र लैहर्षण, नन्द कुमार साहू, देवी कुर्रे, जगदीश कश्यप, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, दीपक साहू, टीकाराम श्रीवास, नन्द कुमार श्रीवास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तेरहवीं पुण्यतिथि



यद्यपि आप हमारे बीच नहीं है,
परंतु आपकी मधुर स्मृतियां एवं
आदर्श हमारी राहों को सदा,
रोशन करती रहेंगी।
आज आपकी
तेरहवीं पुण्यतिथि पर
सादर नमन् ...

स्व. श्री विनोद भूषण शुक्ला
जन्म-13.05.1951, अवसान-24.03.2013

श्रद्धानवत् :-श्रीमती मिथिलेश कुमारी शुक्ला (पत्नी), लवली आकांक्षा- सोनू सतपाल सिदाना (बेटी- दामाद), अंकुर-अन्वी शुक्ला (बेटा-बहू), आभा-आशीष पाण्डेय (बेटी-दामाद), अक्षय विनोद शुक्ला (बेटा)

27 खोली, कोल सर्वे के पीछे, बिलासपुर, मो.: 9425535548, 9039091300

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# महिला सशक्तिकरणः श्रद्धा महिला मंडल को मिला शक्ति सम्मान



"महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही श्रद्धा महिला मंडल को आईबीसी 24 'शक्ति सम्मान' 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सुप्रसिद्ध अभिनेत्री, पूर्व मिस यूनिवर्स एवं समाजसेविका सुश्री सुष्मिता सेन के करकमलों से प्रदान किया गया। जिसे मंडल की अध्यक्षा एवं एसईसीएल परिवार की प्रथम महिला श्रीमती शशि दुहन ने ग्रहण किया।"

## पूर्व मिस यूनिवर्स सुश्री सुष्मिता सेन ने श्रद्धा महिला मण्डल की अध्यक्षा शशि दुहन को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) परिवार की महिलाओं द्वारा संचालित श्रद्धा महिला मंडल वर्ष 2006 से कोयलांचल क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों के साथ सक्रिय है। संस्था ने विशेष रूप से महिलाओं और वंचित वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहलें की हैं।

मंडल द्वारा संचालित कार्यक्रमों में कौशल विकास प्रमुख है, जिसके तहत महिलाओं को सिलाई, कंप्यूटर और अन्य प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगारोन्मुख बनाया जा रहा है। इसके अलावा, आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिलाई मशीन, हाथ ठेले, राइस मिल और ई-रिक्शा जैसे संसाधनों का वितरण भी किया जा रहा है, ताकि लाभार्थी स्थायी आय के स्रोत विकसित कर सकें।

शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को छात्रवृत्ति, स्कूल किट और साइकिल उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहे। स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जाते हैं। वहीं पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहान ने कहा, "यह सम्मान हमारे सामूहिक प्रयासों की पहचान है। श्रद्धा महिला मंडल आगे भी महिलाओं और जरूरतमंद वर्गों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। यह उपलब्धि हम सभी के लिए एक साझा जीत है।"

श्रद्धा महिला मंडल समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सेवा और संवेदना के साथ आगे बढ़ते हुए मण्डल ने यह साबित किया है कि संगठित प्रयासों से सामाजिक बदलाव संभव है।

चैत्र नवरात्रि के पांचवें दिन पंचमी तिथि पर शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर माँ दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप का पूजन किया गया। विशेष रूप से मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। माता की भक्ति में शहर सहित पूरा अंचल डूबा हुआ है, चैत्र नवरात्र की शुरुआत के बाद पंचमी पर श्रध्दालुओं की आस्था उमड़ पड़ी।

# पंचमी पर माता का विशेष पूजन







**बिलासपुर।** शहर में काली मंदिर,हरदेवलाल मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां बगुला मुखी के दर्शन करने दूर-दराज से भी श्रध्दालु पहुंचे रहे, इस वजह से सुबह से देर रात तक मंदिरों में भक्तों का ताता लग रहा है। पंचमी पर माता को श्रृंगार सामग्री भेंट करने सुबह से ही देवी मंदिर पहुंचते रहे। भक्तों ने माता का श्रृंगार चूड़ी, बिंदी, चुनरी, सिंदूर, नथ बिंदिया अर्पण कर माता की विशेष पूजा अर्चना की। माता दर्शन के बाद भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश का भी दर्शन किया। नवरात्र के चलते मंदिरों में आकर्षक लाईटींग से सज्जा की गई है दिन ढलते ही मंदिरों का नजारा देखते ही बनता है। माता कूष्मांडा की पूजा से रोग और कष्ट दूर होते हैं, साथ ही स्वास्थ्य, सुख और यश की प्राप्ति होती है। पंचमी पर भक्तों ने पीले रंग के वस्त्र धारण कर माता को पीले रंगा फूल भी अर्पित किया।



### सप्तमी पर पदयात्री जाएंगे रतनपुर

परंपरा अनुसार हर नवरात्र की सप्तमी पर बड़ी संख्या में भक्तों का जत्था देर रात्रि मां महामाया के दर्शन करने निकलेगा बुधवार की रात्रि में बच्चों से लेकर बड़े तक हर वर्ग के भक्त माता का दर्शन करने बड़े उत्साह से 30 कीमी की पदयात्रा कर माता का दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे।

### श्रृंगार सामाग्री चढ़ाई गई

### जसगीत से गूंज रहे मंदिर

शाम होते ही माता का दर्शन करने लोग परिवार के साथ मंदिरों में पहुंच रहे है, जस गीतों से मंदिर गूंजायमान हो रहे। पिछले सालों की अपेक्षा इस बार श्रद्धालुओं के अधिक भीड़ आ रही है। महामाया मंदिर, भैरव बाबा मंदिर में भी सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का मेला लग रहा है।

### चैत्र नवरात्रि का होता है बड़ा महत्व

पं प्रदीप तिवारी ने बताया कि यह नवरात्रि यंत्र, तंत्र व मंत्र सिध्दी के लिए विशेष मानी जाती है। इसमें धन प्राप्ति के लिए किए जाने वाले उपाय भी कारगार होंगे। ऐसी मान्यता है कि चैत्र नवरात्रि से पहले मां आदिशक्ति अवतरित हुई थीं। विधि-विधान से मां की पूजा-अर्चना करने पर मां प्रसन्ना होती हैं व मनोकामनाएं पूर्ण होती है। नवरात्रि में पूजा, व्रत, करने से सालभर ग्रहों की स्थिति अनुकूल रहती है।

## नवरात्रि में किया जा रहा दुर्गा सप्तशती अनुष्ठान

नवरात्रि पर श्री दुर्गा सप्तशती नवरात्रि अनुष्ठान श्री सांई कृपा हॉस्पिटल सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में प्रतिदिन शाम साढ़े 4 बजे निःशुल्क किया जा रहा है। माता के आह्वान, शंखनाद व भजन से साधना शुरू होती है। फिर मां के चरणों का अभिषेक कर मां दुर्गा की आरती की जाती है।

सेवा साधक पुनित ढ़ढारिया ने बताया कि सिद्धि विनायक गणेश, मां काली, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती की क्रमशः आरती के साथ मां के पूरे 13 अध्याय के बीज मंत्रों से मां की स्तुति की जाती है। जिसमें मां की गाथाओं का वर्णन रहता है। अंत में



प्रसाद वितरण किया जाता है। वहीं हीलिंग साधना से घर की नकारात्मक उर्जा को सकारात्मक उर्जा में परिवर्तित कर घर के वास्तु दोष, पितृ दोष, रहने वाली लोगों के दोषों को दूर किया गया। जिससे घर में एक आनंद पूर्ण वातावरण बना और मां का आशीर्वाद भक्तों के घर हुआ। मंगलवार 24 मार्च से हीलिंग साधना होगी। जिसमे शारीरिक कष्ट तुरंत आराम हो जाएगा। जटिल समस्याओं के लिए निरंतर साधना करने से लाभ होगा। साधना में गणेश गर्ग, प्रवीण वर्मा, ममता काले, अंजू गर्ग, उषा यादव सहित अन्य साधकों की सहभागिता रहती है।

### 1 हजार पाठ हुए पूर्ण

श्री ढ़ढारिया ने बताया कि श्री दुर्गा सप्तशती के बीज मंत्र साधना का 1000 पाठ पूर्ण हो गया है। यह साधना बिलासपुर में 2011 में राममंदिर तिलक नगर से शुरू हुई थी तब से यह साधना लगातार बिलासपुर में हो रही है। बिलासपुर के साधक रतनपुर, मल्हार, चतुरगढ़, अमरकंटक जाकर भी साधना कर रहे हैं।

## एआई के दौर में इतिहास, परंपरा संस्कृति को बचाना जरूरी



**बिलासपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा द्वारा आयोजित अमृत परिवार मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत तीन ओंकार एवं प्रार्थना से हुई। सर्वप्रथम स्वाध्याय प्रमुख डॉ सुषमा ने अतिथियों का परिचय दिया। उसके बाद विभाग संचालक प्रतीक शर्मा ने अमृत परिवार की छह भ वाली अवधारणा अर्थात परिवार में भाषा, भूष, भोजन, भजन, भवन, भ्रमण आदि का ध्यान रखकर वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के बारे में बतलाया। छत्तीसगढ़ विभाग प्रमुख टीकेश्वर कौशिक ने सनातन धर्म हिंदू नव वर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए महत्वता बताया। नगर प्रमुख अनिल साहू ने केंद्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अनिल टाह ने केंद्र के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए संस्था के शुभकामनाएं दी, और कहा कि आज एआई के दौर में भी प्राचीन इतिहास, परंपराएं एवं संस्कृति को बचाए रखने में विवेकानंद केंद्र जैसे संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## पोतु राजू की पारंपरिक विधि-विधान से की गई पूजा



**बिलासपुर।** श्री श्री सोलापुरी माता पूजा समिति शुभम विहार, हरदी रोड, वार्ड नंबर 12 सिरगिट्टी द्वारा 22 मार्चकी मध्य रात्रि 12 बजे शुभम विहार स्थित पूजा पंडाल में पोतु राजू (भैरव बाबा) की पारंपरिक एवं विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। मान्यता के अनुसार सोलापुरी माता की सात बहनों में पोतु राजू (भैरव बाबा) सबसे छोटे भाई माने जाते हैं। उनके स्वभाव को लापरवाह एवं गुमक्कड़ बताया गया है। परंपरा के अनुसार, देवी मां सोलापुरी की पूजा से पहले पोतु राजू की पूजा करना अनिवार्य माना जाता है, तभी पूजा पूर्ण एवं सफल होती है। इस विशेष पूजा में बाल पुजारियों के साथ-साथ खरगपुर से पधारे विद्वान पुजारियों द्वारा विधि-विधान से अनुष्ठान किया गया। पूजा के दौरान एक लकड़ी को पीले रंग से सजाकर, उस पर नीम की डालियां, हल्दी एवं कुमकुम अर्पित कर तोरण लगाकर किया गया।

## सेव वाटर सेव लाइफ के स्लोगन से लोगों को किया जागरूक



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स वीर आजाद समूह द्वारा विश्व जल दिवस बड़े उत्साह एवं सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला मुख्यालय के पास स्थित रेलवे कॉलोनी में जल जागरूकता रैली के साथ हुई। इस रैली के दौरान स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा 'जल है तो कल है' और सेव वाटर सेव लाइफ जैसे नारों एवं स्लोगन के माध्यम से आसपास के निवासियों और राहगीरों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने लोगों को दैनिक जीवन में जल के सही उपयोग, अपव्यय रोकने तथा भविष्य के लिए जल बचाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात "जल ही जीवन है" विषय पर तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता की विशेषता यह रही कि प्रतिभागियों को क्षेत्रीय भाषाओं में बोलने की स्वतंत्रता दी गई।

## पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता के लिए रूपरेखा तैयार की गई



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इसमें आगामी माह के लिए कार्यक्रम तय किया गया।

बैठक में बताया गया कि कई निजी स्कूलों में पुराने छात्रों से एडमिशन फीस वसूलने की जानकारी मिल रही है। इस विषय को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन देने, स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता कार्यक्रम कराने, गरीब बस्ती में जाकर जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांत महिला प्रमुख सुश्री सुनीता मानिकपुरी, जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, जिला उपाध्यक्ष मदन मोहन गुल्ला, जिला महिला अध्यक्ष शेफाली घोष, महिला सहसचिव पूनम पांडेय, कार्यालय मंत्री सुमिता दास गुप्ता, पर्यावरण प्रमुख रेखा गुल्ला, रामकली तिवारी, रीना झा, कार्यकर्ता दुर्गा दास गुप्ता, उपस्थित रहे।

स्पोर्टर्स न्यूज

# छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच, सीखने का अवसर भी मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्व लखीराम स्मृति अखिल भारतीय ड्यूस बाल टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मैच के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। दूसरे दिन के मैच में जौनपुर ने गाजियाबाद की टीम को हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है।

विधायक धर्मजीत सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता से बिलासपुर के खिलाड़ियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आज बहुत अच्छा लग रहा है कि स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल की स्मृतिमें तो सही साथियों के द्वारा आयोजन किया जा रहा है। स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल प्रदेश के ही नहीं पूरे भारत के लोकप्रिय नेता रहे हैं अपना पूरा जीवन सामाजिक और राजनीतिक कार्यों के लिए समर्पित किया। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में भी उनका योगदान था। और यहां के विकास के कार्यों में भी उनकी भूमिका रही है। उनकी यादों को बनाए रखना वर्तमान पीढ़ी का काम होता है इसी बहाने अपने पूर्वजों को याद करने का बहुत अच्छा आयोजन है। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम एक मात्र यहां का पुराना स्टेडियम है जो जनता को समर्पितहै। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा है कि इस आयोजन के माध्यम से बड़ी-बड़ी टीमों का खेल देखने का अवसर मिलेगा खड़कपुर नागपुर की टीम के खिलाड़ी प्रदर्शन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। प्रवीण दुबे ने मुख्य अतिथि धर्मजीत सिंह तथा सुशांत शुक्ला को स्मृति चिन्ह भेंट किया। आयोजन समिति के प्रमुख प्रवीण दुबे ने कहा है कि पहली बार शहर में दूधिया रोशनी में रघुराज स्टेडियम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

### शहर की पुराने दिग्गज क्रिकेटरों को किया गया सम्मानित



### खिलाड़ियों को सम्मानित किया

ड्यूस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में आयोजन समिति के द्वारा पुराने क्रिकेटरों तथा विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों तथा विभिन्न समाज के प्रमुखों को स्टेडियम में सम्मानित भी किया गया । आयोजन समिति के प्रमुख प्रवीण दुबे ने बताया कि शहर के अपने समय के नामी क्रिकेटर रवींद्र श्रीवास्तव, आलोक घोष, नारायण आवटी,लाला अडवे, नारायणनायडू, रिचर्ड गर्स्टॉकिंग, मोहन सिंह ठाकुर, गुरचरण सिंह, गौतम भादुड़ी, जसपाल सिंह छाबड़ा, नरेंद्र पिंपल खरे, कमल घोष, वीरेंद्र चौहान, नरेंद्र कछवाहा, गोविंद माधव गुप्ता, सूर्य मोहन टाह, इस्लाम इसाक, बबलू टटी का सम्मान किया गया। पुराने क्रिकेटरों ने विधायक अमर अग्रवाल के इस पहल की तारीफ की और कहा कि स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल के प्रेरणा से विधायक अमर अग्रवाल शहर के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा आयोजन किया है।

### जौनपुर व खड़कपुर की टीम ने जीता मैच

दूसरे दिन का पहला मैच गाजियाबाद और जौनपुर के बीच खेला जा रहा है जिसमें टॉस जीत कर जौनपुर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 195 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए गाजियाबाद की टीम 115 रन में ऑल आउट हो गए और उनके दो खिलाड़ी घायल भी हो गए थे जिसकी वजह से लक्ष्य का मुकाबला नहीं कर पाए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुरारी को दिया गया। 28 बॉल में 55 रन मुरारी ने बनाए थे। दूसरा मैच बीसीए नागपुर और खड़कपुर के बीच खेला गया। नागपुर में ताज्जीत का पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित भी शहर में 170 रन बनाए। खड़कपुर की टीम ने 19.2 और में ही 170 रन के लक्ष्य को पूरा कर लिया।



## कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता बनी लहंगाभाटा और सोढ़ की टीम

दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता महिला और पुरुष के मुकाबले में सोढ़ और लहंगाभाटा टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता होने का गौरव हासिल किया है। क्रीड़ा भारती और कबड्डी संघ के तत्वावधान में संभाग स्तरीय महिला-पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आरटीएस कॉलोनी के दुर्गा पंडाल मैदान में 21 व 22 मार्च को किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, अध्यक्षता संजय शर्मा और विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी थी। दो दिवसीय तक चलने वाली प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों की करीब 50 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता लीग मेथड से खेली गई। पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में बिरसा टाइगर, लिमहा, चिरहपारा, छिरहापारा, लिंमतरी, वेद परसदा, लहंगाभाटा, सोढ़, मोठे, बांका, हिंडाडीह, गोबरीपाट, बहुरता पहुंची, जिसमें जीतकर सेमीफाइनल का मुकाबला लहंगा भाठा और लिम्हागढ़ के बीच और दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला गोबरीपाट और सोढ़ के बीच खेला गया। पहले सेमीफाइनल में लहंगाभाटा ने लिमहागढ़ को 18-10 से और दूसरे सेमीफाइनल में गोबरीपाट ने सोढ़ की टीम को 11-10 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## खबर संक्षेप



### तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने की बीईओ से मुलाकात

**भर्रीडांड़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा मरवाही ने नव पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी मरवाही संजय वर्मा से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मरवाही ने कर्मचारी संघ को सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष इंद्रपाल चंद्रा, जिला उपाध्यक्ष विनोद राय, एस एल कुर्रे, सचिव कुवारे लाल गुप्ता, गंगारामपुरी, राकेश गुप्ता, रविंद्र मिश्रा के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** एक चिट फंड कंपनी का डायरेक्टर का पार्टनर जिसने करोड़ों रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया था जिसकी पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। जब उसका कुछ पता नहीं चला तो जिला पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया था और इस बीच आरोपी मलेशिया भागने का फिराक में था लेकिन दिल्ली एयरपोर्ट में उसे धरदबोचा गया। जैसे ही जिला पुलिस को इसकी सूचना मिली पुलिस ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले स्थानीय लोगों ने वर्ष 2016 में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक चिट फंड कंपनी द्वारा लोगों को सब्जबाग दिखाकर करोड़ों रुपए की ठगी के घटना को अंजाम दिया गया था।

## निधन

### नरेश केशरी



**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी नरेश केशरी (68) का 23 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास केसरी गली दयालबंद गुजराती दुकान के पास से निकाली जाएगी। वे कैलाश, विक्की, बाबा, गोलू केशरी के पिता थे।

### फटकन बाई



**बिलासपुर।** ग्राम निगारबंद तहसील तखतपुर निवासी फटकन बाई का निधन हो गया। वे 95 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे जनमेजय कश्यप की माता थीं।

### अमृत देवी देवांगन



**तखतपुर।** देवांगनपारा निवासी अमृत देवी देवांगन का 70 वर्ष की आयु में 23 मार्च को निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार देवांगन समाज मुक्तिधाम में किया गया। वे रामकुमार देवांगन, शत्रुहन देवांगन की भाभी, शरद देवांगन, अश्वनी देवांगन की मां थीं।

### शत्रुहन लाल साहू



**तखतपुर।** ग्राम बिरगांव निवासी शत्रुहन लाल साहू का 60 वर्ष की आयु में 23 मार्च को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 24 मार्च को सुबह 9 बजे गृहग्राम बिरगांव में होगा। वे सुरेश साहू के पिता थे।

## परिजन व राजपूत समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग

# गांव जाते समय अचानक लापता हुए सेवानिवृत्त शिक्षक, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

सेवानिवृत शिक्षक के पैतृक गांव लौटने के दौरान अचानक लापता होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। उनकी बाइक मुंगेली-लोरमी मार्ग के मनोहरपुर में लावारिस हालत में मिली है। उनके पत्नी, बच्चों एवं राजपूत समाज ने एसपी को ज्ञापन सौंप कर जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी दामोदर सिंह राजपूत 62 वर्ष पिता स्व बारेलाल राजपूत 21 मार्च सुबह करीब 10 बजे नवरात्रि कार्यक्रम में शामिल होने मुंगेली से अपने पैतृक गांव झाफल के लिए मोटर सायकल से निकले थे। जब देर शाम तक दामोदर सिंह अपने गांव झाफल नहीं पहुंचे, और न ही अपने किराए के घर मुंगेली वापस लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने आस-पास खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। घबराए परिजनों ने



एसपी को ज्ञापन सौंपते परिजन।

मामले की शिकायत लालापुर थाने में दर्ज कराई। जानकारी के मुताबिक उनकी बाइक मुंगेली-लोरमी मार्ग के मनोहरपुर में लावारिस हालत में मिली है, जिससे परिजनों की चिंता और भी बढ़ गई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि, एक साधारण रिटायर शिक्षक के अचानक लापता होने पर क्षेत्र में तरह-तरह की अफवाहें चल रही हैं। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की जांच के बाद ही सही जानकारी सामने आएगी। पुलिस ने बताया कि गुमशुदा की पत्नी व बेटे सहित राजपूत समाज के अध्यक्ष संजय सिंह ने मामले में एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जल्द कार्रवाई की मांग की है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने परिजनों का बयान दर्ज कर जांच में जुट गई। साथ ही पुलिस ने मामले से जुड़ी जानकारी मिलने पर लालपुर, थाना लोरमी एवं मुंगेली कंट्रोल रूम में संपर्क करने की अपील क्षेत्र के लोगों से की है।

**तलाश जारी**

लापता रिटायर शिक्षक का पारिवारिक विवाद सामने आया है, जिस कारण से वे बिना बताए कहीं चले गए। सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर उनकी तलाश की जा रही है। मोबाइल की आखरी लोकेशन नवरंगपुर-डिंडौरी बताई जा रही है, उसके बाद उनका फोन बंद आ रहा है।

- सुंदरलाल गोरले, थाना प्रभारी

**गुम इंसान दर्ज**

पत्नी, बच्चे एवं सामाजिक रूप से ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है, जिस पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने मामले में गुम इंसान दर्ज कर तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

- हरविंदर सिंह, एसडीओपी

## सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में 183 शिक्षक जांच रहे कॉपी

# जिले को मूल्यांकन के लिए मिलीं 69 हजार 305 कॉपियां

**मुंगेली।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पहली खेप में जिले को 10वीं एवं 12वीं की 69 हजार 305 कॉपियां जांचने के लिए दी हैं। इनमें 10वीं के 49 हजार 49 और 12वीं के 20 हजार 256 कॉपियां शामिल हैं, जिसे जांचने के लिए लगभग 183 शिक्षकों को लगाया गया। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शिक्षक मूल्यांकन का कार्य कर रहे हैं।

10वीं और 12वीं बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा खत्म होने के बाद 16 मार्च से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम बीआरसाव स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, जहां 10 कमरों में संचालित मूल्यांकन कार्य में 183 शिक्षक जुटे हुए हैं। प्रत्येक जांच करने वाले शिक्षक को दिन भर में अधिकतम 40 कॉपी जांचने की अनुमति है। विद्युत व्यवधान होने के चलते कई बार मूल्यांकन कार्य में परेशानी हो जाती है। मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष नोडल



कॉपियां जांच करते शिक्षक।

अधिकारी पीसी दिव्य ने बताया कि, एक दिन में एक शिक्षक को 40 कॉपियां जांचना तय किया गया है। निर्देश है कि, जिन विषयों में स्टेप बाई स्टेप उत्तर लिखा जाना है, बच्चों को उत्तर लिखने के प्रत्येक स्टेप के आधार अंक देने हैं। पीसी दिव्य ने बताया कि, प्रथम चरण में 10वीं, 12वीं के लगभग सभी विषयों के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य पूर्णता की ओर है। 4 अप्रैल से पूर्व मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि, माशिमं की बोर्ड परीक्षा एक मार्च से शुरू हुई है। बोर्ड द्वारा 4 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूरा करने लक्ष्य रखा गया है, ताकि जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम जारी किया जा सके। उम्मीद है कि, मई माह में परीक्षा परिणाम जारी हो जाएंगे। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की गलती से बचने स्टेप वाईज मार्किंग की जाएगी। वहीं हर कॉपी में प्राप्तांक को भी स्पष्ट रूप से लिखने को कहा गया है।

## 5 बंदियों सहित 8 हजार असाक्षरों ने दी परीक्षा

**मुंगेली।** उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत कुल 13 हजार 623 असाक्षरों का पंजीयन किया गया था, जिनमें से 7 हजार 948 शिक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

इनमें 5 हजार 902 महिलाएं और 2 हजार 46 पुरुष हैं। यह आंकड़ा जिले में साक्षरता के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। यह परीक्षा जिले के 277 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। इस बार एक विशेष पहल के तहत जिला उप जेल करही देवरी में भी 15 विचाराधीन बंदियों को साक्षरता कार्यक्रम से जोड़ा गया, जिनमें से 13 बंदियों ने परीक्षा दी। परीक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अशोक सोनी तथा जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन रविन्द्र तिवारी सहित निरीक्षण दल ने



परीक्षा दिलाती महिलाएं।

परीक्षा केन्द्रों के साथ-साथ स्कूल भवन, शौचालय एवं साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। प्राथमिक शाला फंदवानी एवं बाघामुड़ा में स्वच्छता व्यवस्था में कमी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि, उल्लास कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को भी साक्षरता अभियान से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा अपने आसपास के 10 असाक्षरों को साक्षर करने पर बोर्ड परीक्षा में 10 बोनस अंक देने का प्रावधान है। इस वर्ष जिले से कक्षा 10वीं के 43 एवं 12वीं के 56, कुल 99 विद्यार्थियों के लिए बोनस अंक हेतु प्रस्ताव बोर्ड को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

## डिफेंस ताइक्वांडो क्लब का समर कैंप 1 अप्रैल से

**सीपत।** डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के तत्वावधान में समर कैंप का आयोजन 1 अप्रैल से किया जा रहा है। कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने बताया कि, यह समर कैंप केवल खेल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की मजबूत सीख भी दी जाएगी। गर्ल कोच खुशी विजय भी इस कैंप में विशेष भूमिका निभाएंगी और बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ उच्च स्तरीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा।

## दूल्हा-दुल्हन की कार में अचानक आग से हड़कंप

**लोरमी।** जिला मार्ग ग्राम बंधवा पुलिया के पास अचानक बारातियों से भरी गाड़ी में आग लगने से हड़कंप मच गया। वाहन में सवार दूल्हा-दुल्हन एवं परिजनों ने गाड़ी से कूदकर जान बचाई। घटना की सूचना पर पुलिस व दमकल की टीम मौके पर पहंची और आग पर काबू पाया गया।

कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। लालपुर थाने से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार बेमेतरा से रात साहू परिवार की बारात लोरमी क्षेत्र के मोहतरा तेली आई हुई थी। 23 मार्च को सुबह बारात के वापस लौटते समय बोधापारा मुख्य मार्ग पर दूल्हा-दुल्हन की कार में अचानक आग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई एवं कार सवार लोगों वाहन से कूदकर अपनी-अपना जान बचाई। गौरतलब है, कि कार में आग कैसे लगी के क्यो लगी यह जांच का विषय है। बताया जा रहा है कि, आग ने तुरन्त ही



भीषण रूप धारण कर लिया और कार धूं-धूं कर जलने लगी। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी सुंदरलाल गोरले तुरंत घटना स्थल पहुंचे एवं दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस दौरान कुछ समय के लिए आवागमन के बाधित रहा, जिसे पुलिस ने दुरुस्त किया।

## गेवरारोड-पेण्ड्रा कारीडोर का निर्माण अंतिम चरण में

**बिलासपुर।** ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर में गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच एक नई रेल लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो करीब 135 किलोमीटर है। चार एजेंसियां मिलकर इस कार्य को कर रही है, जिसका निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है।

छत्तीसगढ़ रेल विकास निगम का ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर परियोजना के अंतर्गत गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच करीब 135 किलोमीटर लंबी लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। रेलवे के अनुसार इस परियोजना के तहत पेण्ड्रारोड स्टेशन में नई रेल लाइन की कनेक्टिविटी करने के लिए ब्लॉक लेकर तकनीकी एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा किया गया। नई रेल लाइन परियोजना में गेवरारोड की ओर और पेण्ड्रारोड की ओर कुछ खंड का रेल लाइन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि दोनों स्टेशन के बीच शेष सेक्शन में कार्य तेजी से हो रहे हैं। इसी तरह सोमवार को ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर में पेण्ड्रारोड स्टेशन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली की सफल कमीशनिंग की गई है। रेलवे ने यह कार्य सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित नॉन इंटरलाकिंग ब्लाक के दौरान सफलतापूर्वक संपन्न किया है। रेलवे के अनुसार नई इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली के अंतर्गत 40 प्वाइंट्स एवं 226 रूट्स का प्रावधान किया गया है, जिससे स्टेशन की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। सिग्नलिंग व्यवस्था में 22 मुख्य सिग्नल, 17 कॉलिंग ऑन सिग्नल व 75 डमी प्वाइंट्स शामिल किए गए हैं। आधुनिकीकरण के तहत स्टेशन पर 6 लाइन में 66 डीसी ट्रैक सर्किट के साथ 54 एमएसडीएसी मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर ट्रैक सेक्शन स्थापित किए गए हैं। यह उन्नत व्यवस्था ट्रेन की सटीक पहचान सुनिश्चित करने के साथ सिग्नलिंग प्रणाली में अतिरिक्त विश्वसनीयता एवं ब्रेकअप प्रदान करेगी। परियोजना में अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया गया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2025-26
ग्राम- गोंड़खाम्ही, प.ह.नं. 25,
तह. लोरमी, जिला मुंगेली

पक्षकार-श्री देवचरण साहू बनाम छ.ग. शासन।

आवेदक श्री देवचरण साहू पिता मुंगेलिहाराम साहू, जाति तेली, निवासी ग्राम अमलडीही, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वतः के नाम पर दर्ज ग्राम गोंड़खाम्ही, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. बोड़तराकलॉं, तहसील लोरमी स्थित भूमि ख.नं. 250/21, 250/22 रकबा 0.0080, 0.0040 भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, बैनामा, अधिकार अभिलेख की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.03.2026 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**लोरमी, जिला मुंगेली. (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार अरविंद बोलर पिता स्व. कन्हैयालाल बोलर से अधिकृत होकर, आम जनता को यह सुचित किया जाता है कि, मेसर्स अनुमेष कंस्ट्रक्शन एन्ड बिल्डर्स में दो पार्टनर थे, जिसमें से एक पार्टनर स्व. कन्हैयालाल बोलर, पिता श्री मोतीलाल बोलर का देहांत 09.10.2021 को हो गया है उनके जगह इस कंपनी में श्रीमति पूनम बोलर, पति अरविंद बोलर को नियुक्त किया गया है। अगर किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अनुमेष कंन्स्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स के कार्यालय तोरवा पेट्रोल पंप के सामने 7 दिवस के भीतर अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है। अत: 7 दिवस के पश्चात किसी भी तरीके के आपत्ति अमान्य होगा।

**भवदीय**
**अम्बरिश कुमार उपाध्याय**
**(एडवोकेट)**
**जगदम्बा कॉलोनी**
**आर.के. पेट्रोल पंप के पिछे**
**सीपत रोड बिलासपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री विजय देवांगन उम्र 62 वर्ष पिता स्व. अमृत लाल देवांगन, जाति कोष्टा, निवासी मकान नं. 329, वार्ड नं. 27, कृष्णा नगर जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्री शिवनारायण राजपूत उम्र 36 वर्ष पिता उदयराम राजपूत जाति राजपूत, निवासी-नारियल कोठी, दयालबंद बिलासपुर (छ.ग.) की भूमि मौजा तिफरा, प.ह. नं. 40, रा. नि. मं. सिरगिट्टी, विकास खण्ड-बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित ख. नं. 384/16 रकबा 1125 वर्ग फिट को क्रय करने का पक्का सौदा किया है। तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को बतौर बयाना राशि प्रदान की जा चुकी है। तथा उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के पक्ष में एक माह के अन्दर किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उक्त भूमि के संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय को किसी प्रकार की उजर, आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज के उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात की गई दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक: 23.03.2026

**वेद प्रकाश विश्वकर्मा**
**(अधिवक्ता)**
**तहसील कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9907444307**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-588 मूल आबंटी अश्वनी जैन पिता श्री डा. उत्तम चंद नायक के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 29.03.2026 को पंजीकृत है। इसके उपरांत प्रथम क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 02.03.2026 को पंजीकृत करने के पश्चात उक्त भवन श्री उत्तरा कुमार बांधेकर के नाम पर आबंटित है के नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/ अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भूखण्ड/ भवन को एकल नाम पर करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार शैलेश शर्मा पिता कृष्ण गोपाल शर्मा निवासी-साकेत अपार्टमेंट अग्रसेन चौक बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूँ कि भूमि स्वामी छोटे कुमार कुर्रे पिता झाडूराम कुर्रे निवासी- चिल्हाटी बिलासपुर छ.ग. के स्वत्व अधिपत्य व कब्जे की भूमि मौजा- चिल्हाटी प.ह.नं.-29 रा.नि.म. मोपका तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. खसरा नं.0- 27/2 रकबा - 2.40 ए., 162/22 रकबा 2.69 ए., 222/1 रकबा 1.32 ए. मेसे रकबा 0.57 ए. को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा की गई है जिसका निकट भविष्य में पंजीयन होना है इस सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करे। 07 दिवस के पश्चात की आपत्ति मान्य नहीं होगी व मेरा पक्षकार अपने पक्ष में पंजीयन निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।
दिनाँक 23/03/2026

**भवदीय**
**ललित विश्वकर्मा (अधिवक्ता)**
**नारियल कोठी दयालबंद**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9340363261, 9827171022**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**-: सीमांकन सुचना / स्थल जाँच :-**

प्रति,

1. आवेदक शोभाराम कश्यप पिता काशीराम कश्यप 2. सुभद्रा देवी 3. राजेश कुमार 4. साधना त्रिपाठी 5. नील लक्ष्मी जयसवाल पति नीलमणी जयसवाल

विषय :- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार / अति.तह. ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 9/2/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 616/5 रकबा 0.0300 हे. एकड/हेक्टेयर भूमि स्वामी शोभा राम कश्यप पिता/पति काशीराम निवासी पिपरखुटा, लोरमी के द्वारा सीमांकन / स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 30/03/2026 को समय 11.00 से 05.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपति स्वीकार्य नहीं होगी। अत: सुचना जाने।

टिप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन / स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. न्यायलय तहसीलदार / अति.तह.ना.तह. को सूचनार्थ
2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ
3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ

**राजस्व निरीक्षक**
**सकरी**

**न्यायालय - कु. नारायणी कच्छप व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के अतिरिक्त प्रथम न्यायाधीश मुंगेली छ.ग.**

विजय कुमार मिश्रा पिता स्व. ज्वालाप्रसाद मिश्रा उम्र 79 वर्ष निवासी गौटियापारा गीधा तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. ...... वादी

प्रति

1 अनुपम मिश्रा पिता विजय कुमार मिश्रा उम्र 51 वर्ष निवासी गौटियापारा गीधा तहसील व जिला मुंगेली छ.ग.
2 आम जनता जो संबंधित हो।
3 छ.ग. शासन द्वारा कलेक्टर मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग.................. प्रतिवादीगण

व्य.प्र.क्र. - 18अ/2025
पेशी दिनांक - 27.4.2026
प्रो.क्र. - 166/26

**ईश्तहार**

इस सूचना के माध्यम से ग्राम गौटियापारा गीधा तहसील व जिला मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय मे आवेदक/वादी विजय कुमार मिश्रा पिता स्व. ज्वालाप्रसाद मिश्रा उम्र 79 वर्ष निवासी गौटियापारा गीधा तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. ने वादी की पैतृक कास्तकारी भूमि ग्राम गीधा प.ह.न. 46 रा.नि.म. मुंगेली तहसील एव जिला मुंगेली में स्थित है मे पैतृक संपत्ति के बंटवारे में वादी ने अपने पुत्र को खसरा नं. 335/3 रकबा 2.0230 हे. भूमि दी थी। जो कि राजस्व दस्तावेजो में उसके नाम पर दर्ज है। त्रुटिवश वादी के पिता का नाम विरेन्द्र कुमार के जगह विजय कुमार मिश्रा उल्लेखित किया जाना था।

उपरोक्त के सबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। किसी व्यक्ति या उपरोक्त पर हक रखने वाले को किसी प्रकार से दावा आपत्ति है तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा में संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेंगी

यह आज दिनांक - 23/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

कु. नारायणी कच्छप
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ
श्रेणी के अतिरिक्त न्यायधीश मुंगेली

**न्यायालय श्रीमान दशम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस**

अपील प्र. क्र: ए56/2025
आदेश दि. 07/03/2026
पेशी ता. 07/05/2026
प्रोसेस क्रं.... 70

शंभु केंवट .......अपीलार्थी

**// विरूद्ध //**

नकूल यादव वगै..............उत्तरवादीगण

प्रति,

1. नकूल यादव पिता स्व. जनकराम यादव उम्र 56 वर्ष 2. रोहणी यादव पिता स्व. जनकराम यादव उम्र 47 वर्ष 3. दुलारी बाई पति स्व. जनकराम यादव उम्र 72 वर्ष सभी निवासी ग्राम मंगला पो.ऑ. पासीद, तह.बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) हाल मुकाम हरदी चौक, नर्सरी के पास, सिरगिट्टी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. रजनीश पाण्डेय पिता स्व. सीताराम पाण्डेय उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम मंगला पो.ऑ. पासीद, तह. बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में अपीलार्थी द्वारा शंभु केंवट के द्वारा व्यवहार न्यायालय बिल्हा के आदेश के विरूद्ध में अपील प्रस्तुत किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 07/05/2026 को नियत है। आपको इस समंस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 07/05/2026 को प्रात: 11:00 बजे अथवा अपने ऐसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवें, जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी उपस्थिति में मामले को एक तरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित होता हो, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो, तो उसके अगले कार्यदिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 09/03/2026
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

**(आदित्य जोशी)**
**दशम जिला न्यायाधीश**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)**

प्रो. क्रमांक: 123
आदेश दिनांक-09.03.2026
प्रकरण क्रमांक: **MJC CIVIL/177/2026**
पेशी तारीख : 08.04.2026

श्रीमती शीतल मिश्रा, पति स्व.श्री आकाश मिश्रा, उम्र 40 वर्ष, पता विनोबा नगर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) व अन्य **......आवेदिका**

**विरुद्ध**

आम जनता व अन्य.........**अनावेदकगण**

प्रति,

आम जनता (जिनको इससे संबंध हो)

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती शीतल मिश्रा, पति स्व. श्री आकाश मिश्रा, उम्र 40 वर्ष, पता विनोबा नगर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 7, 10 व 29 हिन्दू अप्राप्तवय एवं संरक्षकता अधिनियम, 1890 वास्ते परिवर्तित खुली भूमि खसरा नंबर 715/46, रकबा 0.008 हेक्टेयर (789 वर्गफुट) स्थित मौजा जूना बिलासपुर, पटवारी हल्का नंबर 36, राजस्व निगम मण्डल बिलासपुर, विकास खण्ड -बिल्हा, तहसील एवं जिला-बिलासपुर (छ.ग.) पर अप्राप्तव्य आवेदकगण-आराध्या मिश्रा व आरव मिश्रा के अंशभाग-स्वत्व-अधिकार को उनकी वली/ संरक्षित माता आवेदिका द्वारा विक्रय की अनुमति प्रदान करने बाबत प्रकरण प्रस्तुत किया है, उक्त प्रकरण की पेशी तारीख 08.04.2026 को नियत है। आम जनता जो इससे संबंधित हो को दैनिक समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/इश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 08.04.2026 को दिन के 11:00 बजे आम जनता (जिनको इससे संबंध हो) स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर दावा आपत्ति/जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 08.04.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 18/03/26 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक: 18/03/26

**(शैलेष कुमार केतारप)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास निरतू बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-282, मूल आबंटी श्री दयाराम लालवानी पिता स्व. श्री डा. चेतनादास लालवानी के नाम पर आबंटित है। तथा प्रथम क्रेता श्रीमति गीता चौहान के नाम पर नामांतरित है आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री चंद्रिका देवी सोनी पति श्री देवेश कुमार सोनी को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक / / तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 06/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जूनाबिलासपुर बिलासपुर प.ह.न. 36 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता आवेदक/ आवेदिका सतीश विश्वकर्मा पति/ पिता तीजराम विश्वकर्मा निवासी तारबहार बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा अपने पिता तीजराम विश्वकर्मा पति/ पिता धनिराम विश्वकर्मा मृत्यु दिनांक 11/02/2023 का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु नगर पालिक निगम बिलासपुर/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखण्ड बिल्हा / सचिव ग्राम पंचायत नगर पालिका निगम बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र एवं आधार कार्ड कार्ड सहित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति सहित आवेदन पत्र, शपथपत्र, प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 30.03.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-21/25-26
ग्राम मोहनभाठा प.ह.नं.20

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मोहनभाठा प.ह.नं. 20 रा.नि.म. गनियारी सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदकगण संतोष राज पिता स्व. कार्तिकराम उम्र 52 वर्ष एवं राधेसिंह राज पिता स्व. कार्तिकराम, उम्र 41 वर्ष जाति गोड़, दोनो निवासी ग्राम इंदुपारा, मोहनभाठा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम मोहनभाठा, प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. गनियारी, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 430 रकबा 0.5180 हे. को राशि की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी के पास विक्रय की अनुमति हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कि अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के माध्यम से जॉच हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 30.03.2026 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 27.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**गनियारी**

**न्यायालय:- श्रीमान षष्ठम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

प्रो.क्र.............
निष्पादन प्र.क्र... 10 अ/2024
पेशी तारीख: 28.03.2026

**संख्यांक 7**
**इस बात का हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना कि निष्पादन क्यों न किया जाए**
**(आदेश 21 नियम 16 व्य.प्र.संहिता)**

सोमप्रकाश अरोरा...........डिक्रीधारी
**बनाम-**
पी. राजभूषण....... ...निर्णितऋणी

प्रेषिती-पी.राजभूषण उम्र 58 वर्ष आ.पी.एस. एन.मूर्ति निवासी- मकान नं.डब्ल्यू 86 यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

डिक्रीधारी ने इस न्यायालय में व्यवहार वाद क्र. 11 अ/2012 में पारित निर्णय एवं आज्ञप्ति दिनांक 25.11.2013 में पारित आज्ञप्ति के निष्पादन के लिए इस न्यायालय से आवेदन यह अभिकथन करते हुए किया है कि, उक्त डिक्री उसे समनुदेशन द्वारा (या समनुदेशन के बिना) अंतरित कर दी गई है, अत: आपको यह सूचना दी जाती है कि आप इस बात का हेतुक दर्शित करने के लिए कि निष्पादन क्यों न मंजूर किया जाए दिनांक 28.03.2026 के दिन 11 बजे न्यायालय को इसके समक्ष उपसंजात हों।

नियत तिथि पर उपस्थित नहीं होने पर निष्पादन की सुनवाई और उसका निबटारा पेशी तारीख 28.03.2026 को या उक्त पेशी तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

यह आज दिनांक 6/3/26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

तारीख: 6/03/26
(न्यायालय की मुद्रा)

**(श्रीमती मनीषा ठाकुर)**
**षष्ठम जिला न्यायाधीश,**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेवशन के उपयोग हेतु)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### आईटीआई कर्मचारी-अधिकारी संघ के साहू प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी-अधिकारी संघ की प्रांतीय आम सभा 22 मार्च को शासकीय आईटीआई भिलाई में आयोजित किया गया। इसमें प्रांताध्यक्ष का निर्वाचन भी करवाया गया। जिसमें प्रांताध्यक्ष के लिए केवल एक नामांकन गजेन्द्र कुमार साहू का ही प्राप्त हुआ। वे छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। श्री साहू ने आमसभा में ही प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन भी किया। प्रांताध्यक्ष के निर्वाचन के लिए किशोर शर्मा छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बिलासपुर मुख्य निर्वाचन अधिकारी थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा, प्रमुख अतिथि प्रदेश समन्वय तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जी आर चंद्रा, संतोष कुमार वर्मा, विजय लहरे, हिमाचल साहू, पीतांबर पटेल रहे। इस अवसर पर विनोद कुमार साहू, गोविंद देवांगन, जागृति दीवान, नमिता निषाद, केवल राम वर्मा, हितेंद्र कुमार साहू, चंद्रकांत साहू आदि मौजूद थे।

### शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान के प्राध्यापकों और छात्रों ने सीखा टेबल बनाना



**बिलासपुर।** शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान में 23 मार्च को गौतम सिंह फॉर्मर के डायरेक्टर ऑफ बिलीवर अकादमी राम राज्य फर्नीचर एवं फेब्रिकेशन प्राइवेट लिमिटेड इशिका सिंह वास्तु विशेषज्ञ, टेक्नीशियन सोनू साहू एवं संजय यादव के साथ डीएलएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों को वेल्डिंग कार्य कर टेबल निर्माण करने की व्यवहारिक सीख दी। इसके साथ ही कक्षा-कक्ष में कार्य शिक्षा की बारीकियों को समझने का कार्य संपन्न किया। इस अवसर पर संजय राठीया,उमा, रिया,नीतीश, अविनाश और श्वेता मिंज सहित सभी छात्र अध्यापक उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य ए. पॉल के मार्गदर्शन में कार्य शिक्षा प्रभारी डॉक्टर निर्मला तिवारी, डॉ अशोक कुमार, राजेश शर्मा, डॉ नीलू तिवारी, परितोष वाजपेई, शिखा श्रीवास, मनीषा गुप्ता, राजेश कश्यप इत्यादि आचार्य का सहयोग कार्य की संपूर्णता के लिए बेहतर रहा।

### तीन दिवसीय निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर 27 से

**बिलासपुर।** कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोनी द्वारा 27 मार्च से तीन दिवसीय निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर लगाया जा रहा है। यह आयोजन 27, 28 एवं 29 मार्च को प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। प्रत्येक दिन लगभग 75 मरीजों की जांच की जाएगी। जिसके लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन 24 एवं 25 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। मरीज अस्पताल के पंजीयन काउंटर पर उपलब्ध क्यूआर कोड से आनलाइन पंजीयन कर सकेंगे, जिससे उन्हें जांच के लिए दिनांक आबंटित किया जा सके। सभी जांच उपरांत मरीजों की रिपोर्ट 1 अप्रैल के बाद उनके पंजीकृत वाट्सअप नंबर पर भेजी जाएगी। बीपी सिंह बताया कि शिविर में मरीजों के लिए लीवर स्वास्थ्य का आकलन करने सोनोग्राफी (फैटी लीवर जांच) एवं लीवर स्टिफनेस जांच के लिए फाइब्रोस्केन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में लीवर जांच के साथ-साथ शारीरिक परीक्षण, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, लीवर फंक्शन टेस्ट एवं किडनी फंक्शन टेस्ट भी किए जाएंगे। उचित जीवनशैली के लिए आहार परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। मधुमेह मरीजों के लिए सभी जांच निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

### नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली 14 साल की बालिका को मंगला धूरीपारा बजरंग चौक निवासी कमलेश यादव उर्फ विमलेश पिता लालजी यादव 19 साल भगाकर ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट पर हैदराबाद के जामपल्ली गांव से बालिका को बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो महिलाओं से बाइक सवार युवकों ने लूटी सोने की चेन

**बिलासपुर।** एक दिन दो महिलाओं से बाइक सवार युवकों ने सोने की चेन लूट कर भाग गए। पुलिस शहर में नाकाबंदी कर बाइक सवार युवकों की तलाश कर रही है। तोरवा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर निवासी तुलिका बाजपेयी स्कूटी में सवार होकर लालखदान की ओर जा रही थीं। शाम 7 बजे देवरीखुर्द में बाइक सवार दो युवक आए और उनके गले में झपट्टा मारकर ढाई तोला सोने की चेन लूटकर भाग गए। बाइक सवार युवक पल्सर में थे। एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल, सीएसपी गगन कुमार तोरवा पुलिस मौके पर पहुंच गई। तोरवा पुलिस के अनुसार, श्रद्धा भाई पिता राजेश भोई 21 मार्च को बैग लेकर अग्रसेन चौक के पास गई थीं। इसी तरह तीन घंटे बाद रिंग रोड क्रमांक दो में एक महिला के गले से सोने की चेन लूटकर बाइक सवार युवक भाग निकले। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार सोमवार की रात पौने 11 बजे गौरव पथ मार्ग पर एक महिला की गाड़ी खराब होने पर वह गाड़ी पैदल लेकर जा रही थी। इसी बीच बाइक सवार दो युवक उसके गले से सोने की चेन लूटकर भाग गए। वहीं पुराना बस स्टैण्ड से आटो में सवार हुईं और अपना बैग पीछे रख दिया, शाम 7 बजे देवरीखुर्द में आटो से उतरकर देखीं तो आटो के पीछे उनका बैग नहीं था। बैग में सोने की अंगूठी, 3 जोड़ी चांदी के रिंग, 1 जोड़ी पायल, 3 नग चैन, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, एटीएम कार्ड, मोबाइल चार्जर, 4 हजार रुपए नकद रखा था।

# मेयर इन कौंसिल ने पास किया निगम का 12 सौ करोड़ से अधिक का बजट

**बिलासपुर।** नगर निगम में सोमवार शाम को मेयर इन कौंसिल एमआईसी की बैठक में निगम का वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट पेश किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इस बार निगम का अनुमानित बजट लगभग 1200 करोड़ का है, जिसमें विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यो के अलावा निगम के नए वार्डो के लिए अलग से बजट प्रावधान रखा गया है।

नगर निगम विकास भवन के दृष्टि सभाकक्ष में आज शाम 4 बजे से महापौर श्रीमती पूजा विधानी की अध्यक्षता और निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे सहित अन्य सदस्यों और अधिकारियों की उपस्थिति में मेयन इन कौंसिल एमआईसी की बैठक शुरू हुई जो करीब शाम 6.30 बजे तक चली। एमआईसी की बैठक आज विशेष रूप से नगर निगम के बजट के लिए रखी गई थी। एमआईसी की बैठक में नगर निगम के पुनरीक्षित आय व्यय पत्रक वर्ष 2025-26 एवं अनुमानित आय व्यय पत्रक वर्ष 2026-27 पेश किया गया, जिस पर चर्चा के बाद सर्व सम्मति से बजट पास कर दिया गया। वर्ष 2026-25 का अनुमानित बजट लगभग 1200 करोड़ का है जो पिछले बजट के मुकाबले अधिक है। एमआईसी से पास होने के बाद यह बजट अब सामान्य सभा में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। इस बजट में विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों के अलावा नगर निगम से जुड़े ग्रामीण एरिया के नए वार्डो में बुनियादी सुविधाओं एवं विकास कार्यों के लिए अलग से प्रावधान रखा गया है।

### 1 हजार 90 करोड़ का था पिछला बजट

ननि में पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 1 हजार 90 करोड़ का अनुमानित बजट पास हुआ था। इसलिए पिछले साल के बजट से इस बार का बजट अधिक का है। इसके लिए नगर निगम के सभी विभागों से प्रस्ताव मंगाए गए थे और माहभर से बजट तैयार करने का काम निगम का वित्त विभाग द्वारा किया जा रहा था। चूंकि एमआईसी में बजट पास हो गया है और किसी तरह संशोधन या बजट को लौटने वाली बात नहीं हुई है इसलिए अब यह बजट सामान्य सभा में रखा जाएगा, जहां पर पक्ष-विपक्ष के बीच बजट पर चर्चा होगी और सामान्य सभा में भी इस बजट को पास कराया जाएगा।

### अप्रैल प्रथम सप्ताह में हो सकता है सामान्य सभा

नगर निगम अगला सामान्य सभा अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जा सकता है। क्योंकि सामान्य सभा में निगम का अनुमानित बजट चर्चा और अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। पिछले वर्ष भी 6 अप्रैल को सामान्य सभा हुई थी जिसमें नगर निगम का बजट पास हुआ था। मार्च का महिना समाप्ति की ओर है और एमआईसी से बजट पास हो ही चुका है इसलिए अब सामान्य सभा अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में कराने की चर्चा चल रही है।

# एक सड़क के दो टेंडर व मल्टीलेवल पार्किंग में आटोडील का मुद्दा उठा

**बिलासपुर।** नगर निगम में सोमवार को हुई एमआईसी की बैठक में एक ही सड़क का पीडब्लूडी व नगर निगम में अलग-अलग टेंडर का मामला और कलेक्टोरेट के पास मल्टीलेवल पार्किंग में आटोडील का व्यवसाय का मुद्दा उठा। मल्टीलेवल पार्किंग मामले में तीन दिनों के भीतर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं सड़क टेंडर मामले में एमआईसी मेंबर ने जोन क्रमांक तीन के अधिकारी खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एमआईसी की बैठक में एजेंडों के अलावा भी कुछ मुद्दों पर चर्चा हुई है। इनमें पार्षद एमआईसी मेंबर प्रकाश यादव ने सिंधी कालोनी तिरंगा चौक से मंदिर चौक तक सड़क निर्माण के लिए टेंडर का मुद्दा उठाया। इस सड़क के लिए टेंडर स्वीकृति के लिए पिछले एमआईसी की बैठक में आया था जिसे रोक दिया गया था। इस मामले में कार्रवाई नहीं होने से आज फिर एमआईसी मेंबर श्री यादव ने यह मुद्दा उठाया। असल में नगर निगम द्वारा इस सड़क के लिए लगभग 3 करोड़ 72 लाख राशि का टेंडर किया जा रहा था, जबकि पीडब्लूडी द्वारा भी इसी सड़क के लिए टेंडर किया जा रहा था। पीडब्लूडी की ओर से सड़क के लिए जो 5 करोड़ का प्राक्लन तैयार किया गया है उसमें तिरंगा चौक से मंदिर चौक वाली सड़क शामिल है। ताज्जुब की बात यह है कि नगर निगम और पीडब्लूडी दोनों जगह पर टेंडर डालने वाला ठेकेदार एक ही व्यक्ति ठेकेदार है। इसलिए एक ही ठेकेदार को एक ही सड़क का ठेका पीडब्लूडी और नगर निगम दोनों जगह दिया जा रहा था। इसमें अनियमितता का आरोप लगाते हुए एमआईसी मेंबर ने जोन क्रमांक तीन के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मल्टीलेवल पार्किंग में वाहनों की खरीदी-बिक्री

इसी तरह एमआईसी की बैठक में कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग में आटोडील व्यवसाय करने का मुद्दा भी उठा। एमआईसी मेंबरों का कहना था कि इस मामले की जांच होनी चाहिए और मल्टीलेवल पार्किंग में आटोडील का व्यवसाय होना पाया जाता है तो संबंधित ठेकेदार का ठेका निरस्त किया जाना चाहिए। एमआईसी की बैठक में इस मामले में जांच समिति द्वारा जांच कराकर तीन दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। मल्टीलेवल पार्किंग में बेसमेंट और चार फ्लोर हैं जहां 257 कार एवं 333 मोटरसायकल खड़ी हो सकती है। स्मार्ट सिटी की ओर से मल्टीलेवल पार्किंग का 5 साल के लिए ठेका दिया गया है। यहां पर पुराने वाहनों को खड़ी कर उनकी खरीदी-बिक्री की बात सामने आई है।

### मेट्रो सहित सभी बड़े स्टेशनों में लागू होगी योजना

# स्टेशन में प्रवेश करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने आने वाले दिनों में यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में प्रवेश करने के लिए क्यूआर कोड लागू करने जा रही है। यह क्यूआर कोड विशेष रूप से दीपावली, छठ पर्व के अलावा छुट्टियों में यात्रियों की बेवजह भीड़ को रोकने के लिए किया जाएगा। क्यूआर कोड आधारित प्रवेश नियंत्रण प्रणाली का प्रायोगिक परीक्षण करने का काम रेलवे ने पायलेट प्रोजेक्ट के तहत मेट्रो स्टेशन से शुरू कर दिया है, जिसके बाद इसे सभी बड़े स्टेशनों में लागू कर दिया जाएगा।




रेल अफसरों के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए व्यापक एआई संचालित निगरानी प्रणाली को कैमरों के माध्यम से तैनात किया जाएगा, जो प्लेटफार्म, कानकोर्स, प्रवेश निकास बिंदुओं और अनाधिकृत प्रवेश की संभावना वाले क्षेत्र सहित स्टेशन परिसर के हर कोने का कवर करेंगा। एक एक्सेप्प्शन इवेंट डिस्प्ले आधारित नियंत्रण कक्ष स्थापित होगा, जहां लाइव कैमरा फीड की एआई प्रोसेसिंग द्वारा निगरानी कर्मचारियों को असामान्य या असुरक्षित घटनाओं के बारे में वास्तविक समय में सूचित किया जाएगा। सभी रेलवे स्टेशन के गेट पर आरपीएफ को अतिरिक्त रूप से तैनात किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल टिकिट धारक यात्री ही स्टेशन परिसर में प्रवेश कर सकें और मैनुअल चेकिंग के बजाय निगरानी आधारित मानिटरिंग को अपनाया जाए। इसके अलावा अन्य योजनाओं में सभी कर्मचारियों और गैर कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी किए जाएंगे, जिनमें पहचान के लिए आवश्यक सभी विवरण शामिल होंगे। इस एकसमान पहचान प्रणाली को उत्तरी क्षेत्र के सभी स्टेशन पर लागू किए जाएंगे, जिसे बाद में देश के अन्य हिस्सों में भी क्रियान्वित किया जाएगा। रेलवे के अनुसार दीपावली, छठ पर्व के अलावा छुट्टियों में भीड़ को रोकने संभावित भीड़भाड़ से पहले रेलवे स्टेशन पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में क्यू आर कोड आधारित प्रवेश प्रबंधन प्रणाली शुरु की जा रही है। यह प्रणाली वैध टिकिटों के आधार पर प्रवेश को नियंत्रित करेगी, जिससे आरक्षित टिकिट धारकों, मासिक सीजन टिकिट धारकों और अनारक्षित यात्रियों को बेहतर ढंग से अलग किया जा सकेगा।

### 355 दिन के माल लदान में रेलवे की कमाई 29493 करोड़

रेल प्रशासन ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति यानि 355 दिन के अंदर 22 मार्च तक 29493.59 करोड़ रुपए की कमाई का आंकड़ा पार कर दिया है, जबकि यात्री परिवहन में रेलवे ने केवल 13र59.04 करोड़ का राजस्व आय अर्जित किया है। यात्रियो के हिसाब से रेलवे की कमाई माल लदान से 75 गुना से अधिक है, जिसके कारण रेल प्रशासन मालगाड़ियों के लिए यात्री गाड़ियों को रद्द करने के साथ घंटो आउटर में नियंत्रित कर यात्रियों को परेशान कर रही है। कोरोना काल के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में चौथी लाइन के साथ बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा तक तीसरी लाइन का काम, बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम किया गया। इस रेल लाइन के साथ इलेक्ट्रिफिकेशन, सिग्नल एंड टेली कम्यूनिकेशन व अन्य अधोसंरचना के भी कार्य किए गए। इन कार्यों के दौरान कुछ नए स्टेशनों को बनाने के अलावा आरओबी और आरयूबी का निर्माण किया गया। यह कार्य अभी भी निर्माणाधीन है। इसके कारण यात्री ट्रेनों को प्रतिमाह रद्द करने के साथ लाखों की संख्या में यात्रियों का सफर भी प्रभावित हुआ। इसका कारण था कि रेल प्रशासन को रेलवे बोर्ड से माल लदान का लक्ष्य पूरा करने का टारगेट दिया गया था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रेलवे ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माल दुलाई में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। 21 मार्च को 355 दिनों में अब तक का सर्वाधिक ओरिजिनेटिंग फ्रेट रेवेन्यू मूल माल राजस्व अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

# एवीएम में मेगा एजुेशन एक्सपो में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा





## एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में आयोजित मेगा एजुकेशन एक्सपो में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई एक्सपर्ट्स एवं संस्थाओं ने विद्यार्थियों की आयु, रुचि और आवश्यकताओं के अनुरूप मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान एक्सपर्ट्स ने संवादात्मक शैली में चर्चा की।

मुख्य अतिथि जवाहर सुरि शेट्टी एवं विशिष्ट अतिथि सैयद फैजल एवं विधायक अटल श्रीवास्तव, अन्य विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अरविंद तिवारी, डॉ. संजय सिंघई, ग्रुप कैप्टन वाई. श्रीनिवास तथा चंद्रा बंसल थे। विशिष्ट अतिथि सैयद फाजिल ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व विकास का माध्यम है। उन्होंने बताया कि सफलता उतनी कठिन नहीं है, जितनी हम उसे मान लेते हैं। उन्होंने बच्चों को स्वतंत्रता देकर आत्मनिर्भर बनाने पर बल देते हुए कहा कि एडमिशन और एम्बीशन में बदलना ही सच्ची शिक्षा है। मुख्य अतिथि जवाहर सुरि शेट्टी ने उन्होंने नई शिक्षा नीति के बाद आए परिवर्तनों तथा वैश्विक स्तर पर हो रहे शैक्षणिक, आर्थिक एवं तकनीकी बदलावों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि सही जानकारी और तैयारी के अभाव में विद्यार्थी अपने लिए उपयुक्त कोर्स और कॉलेज का चयन नहीं कर पाते। इसलिए कक्षा 9वीं एवं 10वीं से ही अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप करियर विकल्पों की जानकारी जुटाना और उस दिशा में निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने आईआईटी एवं मेडिकल के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। इस मेगा एक्सपो में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी जानकारी दी कक्षा 9वीं से ही विद्यार्थियों को आईआईटी एवं नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की व्यवस्थित तैयारी कराई जाती है। वर्तमान में विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 11वीं तक प्रवेश प्रारंभ हैं। डायरेक्टर एस. के. जनस्वामी, विवेक गुप्ता एवं काजल शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने कार्यक्रम की सराहना की।

# विश्व टीबी दिवस आजः हर माह बढ़ रहे 10 मरीज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सहित देश में साल 2025 तक टीबी को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन साल बीत चुका है इसके बाजवूद जिले में 2260 से अधिक टीबी के मरीज लगातार नियमित दवा ले रहे हैं। हालत यह है कि हर माह जिले में 10 मरीज बढ़ रहे हैं। इस पर नियंत्रण के लिए कई योजनाएं भी स्वास्थ्य विभाग संचालित कर रहा है, लेकिन इसका फायदा होता नजर नहीं आ रहा है। जिले में करीब 2,265 सामान्य मरीजों को इलाज चल रहा है। जिला क्षय रोग विभाग द्वारा मरीजों को पूरी दवा दिलवा रहा है लेकिन मरीजों की लापरवाही और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के चलते मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले साल से टीबी मरीज को दी जाने वाली दवा के सप्लाई में काफी गड़बड़ी सामने आई है, महीनों तक सप्लाई की चेन टूटती रहती है, जिससे अस्पतालों में स्टाफ खत्म हो जाता है, ऐसे में मरीजों को दवा लेने के लिए मशक्कत तक करनी पड़ती है। दवा बंद होने से गंभीर मरीजों के शरीर में कीटाणुओं की संख्या बढ़ने से समाज के अन्य लोगों में भी टीबी संक्रमण की आशंका रहती है। खास बात यह है कि हर माह टीबी के 10 मरीज बढ़ रहे है। ऐसे में इसके उन्मुलन के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को एक बार फिर से नियंत्रित करने की जरूरत है। जिले में उपचारित मरीजों की संख्या 2260 से अधिक है। सर्वाधिक मरीज तखतपुर ब्लॉक में है, जहां 510 मरीज पाए गए है।

# एरा टाउनशिप में ओपन पेंटिंग सेशन

**बिलासपुर।** बहतराई रोड स्थित स्वर्णिमा एरा टाउनशिप में प्रकृति और कला को समर्पित एक अनूठे आयोजन "रंगों में बहती प्रकृति" थीम पर ओपन पेंटिंग सेशन का आयोजन किया गया। "लैंडस्केप एंड गार्डन्स" विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक सभी ने अपनी कल्पनाओं को रंगों से कैनवास पर उतारते हुए प्रकृति की सुंदरता को जीवंत रूप दिया।

कार्यक्रम के दौरान गार्डन क्षेत्र में रंग-बिरंगे चित्रों की एक सुंदर झलक देखने को मिली। प्रतिभागियों ने हरियाली, बहती नदी, फूलों और खुले आसमान जैसे प्राकृतिक दृश्यों को अपनी कला में उकेरा। सभी प्रतिभागियों के लिए कॉम्प्लिमेंट्री गिफ्ट्स की व्यवस्था की गई। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 3 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन



## बिजनेस प्लस

किया और स्वयं भी इस रचनात्मक माहौल का आनंद लिया। लोगों को न केवल बेहतर सुविधाएं मिलती हैं, बल्कि एक खुशहाल और जुड़ा हुआ समुदाय भी विकसित होता है। आधुनिक सुविधाओं, हरियाली से भरपूर वातावरण और सामुदायिक गतिविधियों के कारण यहां रहना एक सुखद और प्रेरणादायक अनुभव बन जाता है।

## पॉलिटिक्स प्लस

### डा. उज्जवला आप पार्टी की बनी जिला अध्यक्ष



**बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी की डा. उज्जवला कराडे को बिलासपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति राज्य सभा सांसद तथा छग प्रभारी डा. संदीप पाठक के आदेशानुसार एवं दिल्ली विधायक एवं सह प्रभारी छत्तीसगढ़ मुकेश अहलावत की सहमति से संगठन विस्तार के तहत जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। इसमें बिलासपुर की डा. उज्जवला कराडे को बिलासपुर आप पार्टी की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### अमित भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



**बिलासपुर।** अमित चतुर्वेदी को भाजपा जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी संगठन में निरंतर सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता पूर्व मंडल के महामंत्री रहे अमित चतुर्वेदी को प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया।

### सीवीआरयू में हैप्पीनेस डे पर 'खुशियों का उपहार आपके द्वार' विषय पर व्याख्यान

# सच्ची खुशी हमारे भीतर की अवस्था पर निर्भरः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हैप्पीनेस डे पर सीवी रमन विश्वविद्यालय में "खुशियों का उपहार आपके द्वार" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमार प्रो ओंकार चंद्र शर्मा ने कहा कि सच्ची खुशी किसी बाहरी वस्तु, उपलब्धि या परिस्थिति पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह हमारे भीतर की अवस्था है।

आज के भौतिकवादी युग में व्यक्ति सुख-सुविधाओं की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत है, लेकिन इसके बावजूद मानसिक शांति और संतोष की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इसका मुख्य कारण यह है कि हम अपनी आंतरिक शक्तियों, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक मूल्यों को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि हम अपने विचारों को सकारात्मक,



शुद्ध और संतुलित रखें, तो जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। "खुशियों का उपहार" वास्तव में हमारे व्यवहार, हमारी वाणी और हमारे दृष्टिकोण में ही निहित होता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे भारतीय जीवनशैली, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता को अपनाकर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। अवसाद, नशा से बचने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करे और उसी पर केंद्रित होकर कार्य करे। नकारात्मक वातावरण, विभिन्न प्रकार के नशे ,निराशाजनक विचारों और गलत संगति से दूर रहना भी मानसिक संतुलन बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। सकारात्मक संगति, नशे से दूर रहना, नियमित दिनचर्या और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं।

**हैप्पीनेस डे जीवन में संतुलन और आत्मिक शांति का संदेश देता है : कुलपति**

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि हैप्पीनेस डे जैसे आयोजन जीवन में सकारात्मकता, संतुलन और आत्मिक शांति का संदेश देते हैं। इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यों को समझने तथा मानसिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। ब्रह्मकुमारी छाया दीदी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. जय शंकर यादव ने भी कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ब्रम्हेश श्रीवास्तव ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शाहिद हुसैन ने किया।

### अरपांचल उपसमिति ने दिया सामाजिक एकता, शिक्षा व सामूहिक विवाह पर जोर

**बिलासपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ की अरपांचल उपसमिति की बैठक दीनदयाल कॉलोनी, मंगला महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। महासभा के नीरज सिंह क्षत्रिय, घनश्याम सिंह चौहान, अजय सिंह एवं महेन्द्र सिंह का स्वागत किया गया। अरपांचल उपसमिति के युवा अध्यक्ष राजीव सिंह डौड़ को सरपंच निर्वाचित होने पर सम्मानित किया गया। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर दिया। बैठक में वित्तीय वर्ष का आय-व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष ठाकुर नीरज सिंह क्षत्रिय ने समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए निधन कोष बनाने तथा खर्चीली शादियों से बचने के लिए आदर्श सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने का आह्वान किया। बैठक में बताया गया कि महासभा का वार्षिक महाधिवेशन 28,29 मार्च को डोगरगांव में होगा। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह ठाकुर, घनश्याम सिंह, अजय सिंह, महेन्द्र सिंह, भोला सिंह, संतोष सिंह, नंदकिशोर सिंह, प्रहलाद सिंह, कैलाश सिंह, चिंतामणि परिहार, योगेंद्र सिंह, लिली सिंह, सुलक्षणा सिंह, श्वेत सिंह, राजीव सिंह, राजेश सिंह, मंगल सिंह, बसंत सिंह, केशव सिंह, सुरेश सिंह, इंदजीत सिंह, दामोदर सिंह, होरी सिंह, नेम सिंह आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### अनियंत्रित होकर वेन पलटी, एक की मौत



**बिलासपुर।** पत्थर से टकराकर अनियंत्रित होकर मारूती वेन 5 से 6 बार पलट गई। हादसे में चालक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिम्स चौकी प्रभारी चंद्रप्रकाश पाण्डेय ने बताया, पचपेड़ी जलसो निवासी देवेंद्र लहरे पिता शिवप्रसाद लहरे 25 साल 22 मार्च को दोपहर 1 बजे गांव में अपने चाचा के घर से अपने भाई बजरंग, विजेन्द्र लहरे को मारूती वेन में बैठाकर लौट रहे थे। रास्ते में मारूती वेन पत्थर से टकराकर अनियंत्रित होकर 5 से 6 बार पलट गई। हादसे में चालक देवेंद्र लहरे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सिम्स लाया गया। जहां परिक्षण के बाद डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### ठेकेदार का सामान रखने वाले पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कोर्ट के आदेश पर परिवाद में पैसा नहीं लौटाने पर ठेकेदार का सामान रखने वाले मकान मालिक के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, जरहागांव डोमनपुर निवासी अजय मंगेश्कर पिता अमरदास ठेकेदारी करते हैं। पूर्व में उन्होंने टेलीफान एक्सचेंज निवासी राहुल कश्यप पिता राजकुमार कश्यप की कोनी कंचन विहार में मकान बनाने का ठेला लिया था। काम करने के दौरान श्री कश्यप ने अधिक रकम भुगतान कर देने पर ठेकेदार से पैसा वापस मांगा, नहीं लौटाने पर उन्होंने निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार की ड्रील मशीन सहित अन्य सामान रख लिया और नहीं लौटाया। ठेकेदार रिपोर्ट लिखाने थाने गए तो उन्हें कोर्ट जाने के लिए फैना दे दिया गया। उन्होंने कोर्ट में परिवाद पेश किया। कोर्ट के आदेश में परिवाद पर अजय मंगेश्कर की रिपोर्ट पर मकान मालिक राहुल कश्यप के खिलाफ धारा 406 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गुण्डा बदमाश पर चाकू से हमला, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** बीती रात एक युवक ने गुण्डा बदमाश के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सकरी पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रं. 2 निवासी यशवंत उर्फ लच्छी लोहार पिता दशरथ लोहार सकरी थाने का गुण्डा बदमाश है। 22 मार्च की रात 9 बजे वह अपने घर जा रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दीपक यादव ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। टीआई विजय चौधरी ने बताया, 22 मार्च की रात उसे पकड़ने के लिए दौड़ाया गया था, किन्तु वह अपनी बाइक छोड़कर भाग गया। रात में उसकी बाइक को जब्त कर लिया गया था। 23 मार्च को वह थाने में आकर बताया उसको दीपक यादव ने चाकू मार दिया है। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने दीपक यादव के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



**भोजन बनाने आज ही चाहिए सिलेंडर, क्या करें** | **एजेंसियों में गैस कनेक्शन लेने की प्रक्रिया जटिल**

# छोटे सिलेंडर में रिफिलिंग के लिए भटक रहीं छात्राएं और कामकाजी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आकर शहर में पढ़ाई करने वाली छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं को गैस सिलेंडर की रिफिलिंग में भारी परेशानी हो रही है। ज्यादातर छात्राओं के पास स्टोव नुमा गैस-चूल्हा है, जिसमें नीचे सिलेंडर व ऊपर उसी से जुड़ा चूल्हा होता है। गैस एजेंसियों के पास आमतौर पर इस तरह के गैस-चूल्हे नहीं होते हैं, और जिनके पास होते हैं, वे सिर्फ गैस-चूल्हे बेचते हैं रिफिलिंग नहीं करते। ऐसे में बच्चे खासे परेशान हैं।

जिले के विभिन्न स्थानों से शहर में पढ़ने एवं कामकाज के सिलसिले में आने वाली छात्राओं एवं



कामकाजी महिलाओं को इन दिनों गैस सिलेंडर के लिए परेशान देखा जा रहा है। इनके द्वारा छोटे सिलेंडरों का उपयोग किया जाता है, जिसमें नीचे सिलेंडर व इसी के ऊपर चूल्हा भी होता है। यह खरीदने एवं रिफिलिंग में न केवल सस्ता पड़ता है, बल्कि एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने में भी काफी सुगम होता है। बच्चे इसे एक झोले में डालकर भी ले जा सकते हैं। इन सिलेंडरों की बिक्री बर्तन, बिजली एवं किचन केयर नामक दुकानों में भी की जाती है, लेकिन रिफिलिंग इनके द्वारा नहीं की जाती।

रिफिलिंग के लिए छात्राओं को गैस का काम करने वालों के पास जाना होता है। बड़ी गैस एजेंसियों में 14.2 एवं 5 किलोग्राम के सिलेंडर तो उपलब्ध्ब होते हैं, लेकिन इससे छोटे गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होते। यही कारण है कि छात्राएं रिफिलिंग के लिए बड़ी परेशान हैं।

### रिफिलिंग करने वाले सारे कालाबाजारी धर लिए गए

छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं के द्वारा रखे गए गैस सिलेंडरों में बमुश्किल डेढ़ से दो किलोग्राम गैस ही आती है। इन सिलेंडरों में शहर के विभिन्न स्थानों में गैस पल्टी करने वालों के द्वारा रिफिलिंग की जाती थी। खाद्य विभाग द्वारा हाल ही में चलाए गए अभियान में इस तरह का काम करने वाले ज्यादातर कालाबाजारियों को पकड़ लिया गया है। जो नहीं पकड़े गए हैं, वे अब खौफ के कारण दुकानों में ये सब काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में अब इन बच्चों के सामने गैस की रिफिलिंग का संकट आ गया है।

### गैस एजेंसियों को दिए जाएंगे निर्देश

छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं के सामने गैस रिफिलिंग में आ रही समस्या वास्तव में बड़ी समस्या है। हालांकि गैस एजेंसियों द्वारा ऐसे लोगों को केवल आधार कार्ड के जरिए छोटे सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस संबंध में सभी एजेंसियों को पुनः निर्देशित कर दिया जाएगा ताकि किसी भी छात्रा या कामकाजी महिला को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में दिक्कत न हो।

**-अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

**घर क्षतिग्रस्त, जेवर, टीवी, फ्रिज, शादी के कपड़े सहित अन्य सामान जले, 20 लाख का नुकसान**

# रात तीन बजे स्टोर रूम में रखा गैस सिलेंडर फटा, घर में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात 3 बजे नेहरू नगर स्थित अर्चना विहार में एक मकान के स्टोर रूम में रखा गैस सिलेण्डर धमाके के साथ फट गया, इससे पूरे मकान में भीषण आग लग गई। मकान में रहने वालों ने पीछे के दरवाजे से भागकर किसी तरह जान बचाई, सिलेंडर फटने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया है और आग से सोने चांदी के जेवर, टीवी, फ्रिज, कूलर पंखा सहित सामान जल गया है। मकान मालिक ने 18 से 20 लाख रुपए नुकसान होने की जानकारी दी है।

- लोगों ने भागकर बचाई जान

नेहरू नगर गांधीनगर अर्चना विहार निवासी संतोष तिवारी ने बताया, 22 मार्च की रात भोजन करने के बाद वे परिवार सहित सो गए थे। रात 3 बजे जोरदार धमाका होने पर उनकी नींद खुली। घरवाले कमरे से बाहर निकले तो अंदर में पूरा धुंआ भरा हुआ था और आग लग गई थी। धुंआ के कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। भारी मशक्कत के बाद पीछे का दरवाजा मिला, उससे घरवालों ने बाहर निकलकर जान बचाई। धमाके की आवाज से आसपास का इलाका दहल गया था। लोग अपने घरों से बाहर निकले तो श्री तिवारी के घर में भीषण आग लगी हुई थी। लोगों ने सबसे पहले श्री तिवारी के घर की बिजली सप्लाई बंद की, उसके बाद बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। सुबह 6 बजे आग पर काबू पाया गया है। आग बुझने के बाद श्री तिवारी के परिजन व पड़ोसी अंदर गए तो स्टोर में रखा गैस सिलेण्डर फटा मिला।



नेहरू नगर अर्चना विहार का वह मकान जहां सिलेंडर फटा।

### टीआई साहब 10.30 बजे आते हैं, थाने आ जाना

एक ओर श्री तिवारी के घर आग लगने से उनके परिजन सहित पूरी कालोनी के लोग हलाकान थे, दूसरी ओर पुलिसवाले अपने तेवर दिखा रहे थे। एसडीआरएफ की टीम ने इस घटना में भी जमकर लापरवाही बरती। पड़ोसी स्वप्निल बुलबुले ने आरोप लगाया है श्री तिवारी के घर ब्लास्ट के साथ आग लगने पर पुलिस व फायरब्रिगेड का मोबाइल से सूचना दी गई थी। आग बुझने के बाद एक सिपाही आया था। उसने भी श्री तिवारी को सुबह 10.30 बजे टीआई थाने आते हैं, आकर नुकसान बता देना कहकर चला गया। वहीं नगर सेना की एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर नहीं आई। भीषण आगजनी में नगर सेना की एसडीआरएफ की टीम पर घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। एक दिन पहले प्रताप चौक में कपड़ा दुकान में आग लगी तो संचालक ने दमकल लेट से आने का आरोप लगाया था।

### किचन में रखा दूसरा गैस सिलेण्डर बाहर निकाला

श्री तिवारी ने बताया, स्टोर रूम के अलावा किचन में दूसरा गैस सिलेण्डर रखा हुआ था। पड़ोसियों ने मदद करते हुए आग बुझाते समय हिम्मत दिखाते हुए किचन के अंदर जाकर दूसरे गैस सिलेण्डर बाहर निकाले। उसके ब्लास्ट होने से आसपास क्षेत्र के मकान में रहने वालों को नुकसान हो सकता था। गैस सिलेण्ड ब्लास्ट होने से स्टोर रूम व हाल पूरी तरह से क्षतविक्षत हो गए हैं। छज्जा टूटकर गिर गया और कई जगहों से दीवारें फट गई हैं।

### जेवर सहित पूरा सामान जल गया

मकान मालिक श्री तिवारी ने बताया, आग से घर में रखे डेढ़ से दो लाख के सोने चांदी के जेवर, टीवी, पंखा, कूलर, फ्रीज, सोफा, खाद्य सामग्री, छोटी बेटी की शादी के बाद रिश्तेदारों को देने के लिए रखे नए कपड़े जल गए हैं। उन्होंने बताया, आग लगने से 18 से 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। 23 मार्च को घर में आग लगने की लिखित सूचना सिवल लाइन थाने में की है।



### ट्रांसफार्मर जला, कई घंटें बंद रही बिजली

बिजली का लोड बढ़ते ही ट्रांसफार्मर और सबस्टेशन लगातार जवाब दे रहे हैं। नेहरू नगर जोन के अंतर्गत मिनौचा कालोनी में सोमवार को अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। दोपहर 12 बजे हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और घंटों बिजली बंद रही। कालोनी के कुछ लोगों ने इसकी जानकारी नेहरू नगर स्थित फ्यूज कॉल को दी लेकिन करीब करीब 1 घंटे टीम पहुंची। केबल और ट्रांसफार्मर में लगी आग पर काबू पा लिया गया लेकिन सप्लाई शुरू होने में 3 घंटे से अधिक का समय लग गया। इसी प्रकार कुदुदंड माता चौरा और मिट्टी टिला के पर दोपहर 3 बजे से बिजली बंद रही, सूचना देने के बाद भी ट्रांसफार्मर के डियो की मरम्मत में विभाग के कर्मचारियों को काफी समय लग गया। शाम 6.30 के बाद सप्लाई शुरू की गई। इस दौरान उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**एक हफ्ते में देनी होगी रिपोर्ट**

# सबस्टेशन में लगी आग ईडी ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंदिरा विहार सबस्टेशन में शनिवार की सुबह लगी आग की लपटें शांत हो चुकी हैं, लेकिन विभाग में उलथ पुथल शुरू हो चुकी है। आग लगने की घटना को संज्ञान लेते हुए ईडी एके अम्बस्ट ने ईई को जांच रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित कर दिया है। वहीं मामले में लापरवाही करने वाले ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है।

- शनिवार को इंदिरा विहार सबस्टेशन में लगी थी आग
- मेंटनेंस नहीं होने के कारण लगी थी आग

इंदिरा विहार के 500 एमवीए के 33/11 केवी सबस्टेशन में शनिवार सुबह 11 बजे अचानक आग लग गई थी। 11 केवी केबल को टेम्परी तरीके से बायपास करने के कारण आग लगी थी। आग बिजली के तारों के साथ ही सबस्टेशन में फैली झाड़ियों में भी लगी, जिससे 11 केवी केबल जल गया था। इस मामले में बिजली विभाग के ईडी एके अम्बस्ट ने नेहरू नगर ईई भरत भूषण नेताम को जांच करने के निर्देश दिए है। खास बात यह है कि सबस्टेशन में सालों से मेंटनेंस नहीं किया गया था, जबकि इस बारे में ठेकेदार को कई बार नोटिस जारी किया गया लेकिन इसके बाजवूद लापरवाही बरती गई थी।


इंदिरा विहार सबस्टेशन में लगी आग, समय रहते पाया काबू
सालों से मेंटनेंस नहीं, सबस्टेशन में लगी आग, घंटों बंद रही बिजली

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### ठेकेदार को नोटिस

सबस्टेशन में मेंटनेंस का ठेका दिया गया है। ठेकेदार पैसे बचाने के लिए सबस्टेशनों में मजदूर तक नहीं लगाता है,मेंटनेंस के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। सबस्टेशन में आग लगने के बाद साफ सफाई का दौर शुरू हो चुका है विभाग के अधिकारियों ने उसे नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

### कार्रवाई करेंगे

सबस्टेशन में आग लगने के बाद कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल ईई को जांच के लिए कहा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई भी होगी। नीचे स्तर के कर्मचारी और ठेकेदार की लापरवाही सामने आई तो ईई स्वयं कार्रवाई करने के लिए सक्षम है। अधिकारियों की लापरवाही मिलने पर हम कार्रवाई करेंगें।

**-एके अम्बस्ट,**
ईडी, विद्युत विभाग

### जेई झांकने तक नहीं जाते

करोड़ों की लागत से बनाए गए सबस्टेशनों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। आग से बचाव व जीवन रक्षा के लिए सबस्टेशनों में सुरक्षा के इंतजाम तक नहीं है। हालत यह है कि सबस्टेशन का चार्ज एचटी मेंटनेंस में पदस्थ जेई कल्याणी वर्मा को दिया गया है, लेकिन जेई द्वारा इसका निरीक्षण तक नहीं किया जाता है, जबकि उन्हें रोजाना सबस्टेशन में रखरखाव की जानकारी लेनी होती है। बताया जा रहा है कि जेई कई महीनों से सबस्टेशन में नहीं पहुंची है।

# शिक्षिका के पति की हत्या, दो महिला सहित 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होली में एक झापड़ मारने का बदला लेने शिक्षिका के पति की हत्या करने वाले दो महिलाओं सहित 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात 22 मार्च को कोटा करगीखुर्द कोरीपारा निवासी मोहन पाण्डेय पिता स्व. जगदीश प्रसाद पाण्डेय 52 साल ने एक युवक को होली जलाने लकड़ी चोरी करने का आरोप लगाकर एक झापड़ मार दिया था। इसका बदला लेने के लिए घर में घुसकर ईंट पत्थर तब्बल, कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई और लाश को घसीटकर सड़क पर छोड़ दिया गया था। पुलिस ने आरोपी राजाराम साहू पिता चैतराम साहू 21 साल, देवीप्रसाद साहू पिता चैतराम साहू 26 साल, प्रदीप साहू पिता श्याम सुंदर साहू 26 साल, आशा बाई साहू पति चैतराम साहू 66 साल, वृंदा बाई साहू पति सहदेव साहू 29 साल, चैतराम साहू पिता स्व. सुकुल साहू 71 साल को बीएनएस की धारा 103, 1, 115, 2, 296, 351, 3, 190, 191, 3, 331, 7, 332 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। टीआई नरेश चौहान ने बताया, हत्या के मामले में करगीखुर्द कोरीपारा निवासी सरपंच रविन्द्र तंवर व अमन पाण्डेय वारदात में प्रयुक्त हथियार की जब्ती में गवाह हैं।



घटनास्थल पर उपस्थित गवाह।

# अकलतरा से गतौरा सिलेण्डर ले जाने वाला युवक पकड़ा गया

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने ट्रेनों में सघन अभियान चलाकर लोकल ट्रेन में अकलतरा से गतौरा तक सिलेंडर लेकर सफर करने वाले एक युवक को पकड़ा है, जिसके पास दस्तावेज नहीं होने के कारण रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ सिलेंडर की कालाबाजारी के खिलाफ रेलवे में भी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल की टीम सभी ट्रेनों में पेट्रोलिंग करते हुए सिलेंडर लेकर सफर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसमें मुख्य रूप से लंबी दूरी की ट्रेनों में लगे पेंट्रीकार कोच सहित लोकल ट्रेनों में भी जांच की जा रही है। रेलवे के अनुसार लगातार आग लगने की घटना के कारण रेलवे बोर्ड ने भी पेंट्रीकार में सिलेंडर से भोजन व नाश्ता बनाने पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके बाद एचओजी से मिलने वाले करंट यानि हिटर का उपयोग भोजन व नाश्ता बनाने के लिए किया जा रहा है। एसईसीआर के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर अभियान में मंडल के सभी पोस्ट, विशेष टीम व राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर चेकिंग की जा रही है। इसके तहत बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट की टीम ने 68745 कोरबा से रायपुर के बीच चलने वाली मेमू लोकल में सुबह 8.35 बजे जांच की। इस जांच के दौरान कोटमीसोनार से बिलासपुर के बीच एक यात्री को घरेलू गैस सिलेंडर के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में स्कूलपारा पौना अकलतरा जांजगीर चांपा निवासी हरिकृष्ण कश्यप पिता शिवकुमार कश्यप 28 वर्ष ने बताया कि वह गैस सिलेंडर को बोरी में छिपाकर अकलतरा से गतौरा लेकर जा रहा है। युवक के पास वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर आरपीएफ की टीम ने रेल अधिनियम 153, 164 के तहत कार्रवाई करते हुए सिलेंडर जब्त कर गिरफ्तार कर लिया है।



गिरफ्तार आरोपी।

# सोलर लाइट लगाने के नाम पर वकील से 1 करोड़ 33 लाख 64 हजार की ठगी

**बिलासपुर। सोलर** लाइट पोल लगाने के नाम पर वकील से 1 करोड़ 33 लाख 64 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, रायपुर चौबे कालोनी निवासी वकील विनित तिवारी पिता स्व. वीके तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई। उनके कनिष्ट अधविक्ता जो वर्ष 2010 से उनके साथ कार्यरत हैं। उनके द्वारा बताया गया कि उसके पहचान का एक मित्र भावेश जैन एवं उसका साथी ऋतुप्रण वैष्णव एवं कर्ण नाम का व्यक्ति है जो लायजनिंग का काम करते हैं। तीनों व्यक्ति ने उनसे सोलर पैनल लगाने के नाम पर 1 करोड़ 33 लाख 64 हजार की ठगी की है। पैसा वापस मांगने पर ऋतुप्रण वैष्णव, संतोष कर्ण, भावेश जैन ने 1 करोड़ 33 लाख 64 हजार का चेक दिया जो बाउंस हो गया। पुलिस ने श्री तिवारी की रिपोर्ट पर संतोष कर्ण, गोपाल वैष्णव एवं अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# गांजा का मुख्य सरगना बिलासपुर का, खोजबीन कर रही जीआरपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वंदेभारत एक्सप्रेस में सफर करने वाली दो महिलाओं को आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने 24 किलो गांजा की तस्करी करते हुए पकड़ा था। महिलाओं से पूछताछ के बाद टीम को गांजा के मुख्य सरगना के बिलासपुर के होने की जानकारी मिली है, जिसकी खोजबीन शुरु कर दी गई है।

आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो महिला वंदेभारत एक्सप्रेस में गांजा तस्करी कर रही हैं। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक एजेड चौधरी, सहायक उपनिरीक्षक अरविंद सिंह, महिला प्रधान आरक्षक एम यादव, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरा के निरीक्षक मनीष राणा, प्रतीक अग्रवाल, जय नारायण, जीआरपी के थाना प्रभारी बीके राठौर, तुलंद्र वर्मा, रमाकांत मिश्रा ने घेराबंदी करते हुए एग्जिट गेट नम्बर एक के पास दो महिलाओं को पकड़ा। महिला विष्णु चौक दुर्गा मंदिर के पास तिफरा निवासी रीना वर्मा पिता स्व. ओमप्रकाश वर्मा 22 साल और नीलम राठौर पिता श्याम राठौर 23 साल के कब्जे से 12 लाख 15 हजार रुपए कीमती 24 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया गया। दोनों महिलाओं से पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों ने वंदेभारत एक्सप्रेंस में केसिंगा ओडिशा से रायपुर गांजा लाया था और किसी ट्रेन से बिलासपुर जाने वाली थी। महिला आरोपियों से जानकारी मिली कि गांजा को लाने और बिलासपुर तक छोड़ने के लिए उन्हें पैसा दिया गया था, जिसका मुख्य सरगना बिलासपुर में है। आरपीएफ की टीम ने महिला आरोपियों के पास गांजा जब्त करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है।



जीआरपी ने महिला आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने के बाद अब बिलासपुर में गांजा के मुख्य सरगना की खोजबीन शुरु कर दी है।



23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 13 अप्रैल 2026 से शुरू होने की संभावना है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411